
जबलपुर
बुधवार, 6 मार्च 2024
- फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–11
- वर्ष : 18 अंक : 303
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3 .00 रुपये

मौसम
अधि. 29
न्यून. 13

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## ऑल टाइम हाई पर गोल्ड की कीमत 64404 रुपए के पार



**मुंबई।** सोने की कीमत मंगलवार को ऑल टाइम रेट पर पहुंच गई। वेडिंग सीजन में सोने ने नया रिकॉर्ड बना लिया। सोने की कीमत मंगलवार को 64,404 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। दो दिन में सोना 1050 रुपए महंगा हो गया है।




देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो

# जमीन से 11 मंजिल नीचे दौड़ेगी ट्रेन, ऊपर बहेगा पानी

**कोलकाता में हुगली नदी के नीचे बुधवार से संचालन शुरू हो रहा, प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभी तक मेट्रो को अंडरग्राउंड देखा होगा या फिर सफर किया होगा। लेकिन, कभी नदी के नीचे मेट्रो को चलते हुए नहीं देखा होगा। वो भी छोटी-मोटी नदी नहीं है।कोलकाता में हुगली नदी के नीचे बुधवार से संचालन शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। इसकी गहराई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जमीन से 11 मंजिली इमारत की ऊंचाई बराबर नीचे मेट्रो दौड़ेगी।

यह सुरंग हुगली नदी के पूर्वी तट पर एस्प्लेनेड और पश्चिमी तट पर हावड़ा मैदान को जोड़ेगी

हावड़ा से एस्प्लेनेड तक का कुल मार्ग 4.8 किलोमीटर लंबा है





### अंडरवाटर टनल में थे चैलेंज

चूंकि, देश में पहली बार पानी के अंदर टनल बनानी थी, इसलिए ऐसी मशीन की जरूरत थी, जो ऊपर से पड़ने वाले पानी के प्रेशर सहन कर ले और निर्माण के दौरान पानी आने से भी रोके। पूर्व में देश के कई शहरों में बनी टनल में पानी आने का खतरा नहीं था, इसलिए सामान्य मशीन से सुरंग बन जाती थी।


### जर्मनी से तैयार कराई टीबीएम

टीबीएम यानी टनल बोरिंग मशीन में जर्मनी को महारथ हासिल है। इसे जर्मनी से अपनी जरूरत के अनुसार मशीन डिजाइन कराई गई थी। इसकी खासियत यह थी कि मिट्टी काटने के साथ-साथ निर्मित हिस्से को सील करती जाती थी। जिससे अगर कटिंग के दौरान पानी आता तब भी तैयार हो चुके टनल के हिस्से में नहीं जाता। उन्होंने बताया कि टनल में बाद में भी कभी पानी न आए, इसके लिए पहली बार ज्वाइंट में हाइड्रोफिलिक गास्केट का इस्तेमाल किया गया, जो पानी के संपर्क में आते ही 10 गुना अधिक फैल जाएगा, यानी पानी के संपर्क में आते ही पहले से ज्यादा वाटर प्रूफ हो जाएगा। हुगली के नीचे बनी सुरंग की लंबाई 520 मीटर और ऊंचाई 6 मीटर है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जस्टिस ने दिया इस्तीफा, 7 को भाजपा में होंगे शामिल



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने वाले अभिजीत गंगोपाध्याय 7 मार्च को भाजपा में शामिल होंगे। मंगलवार को न्यायाधीश पद से इस्तीफे के बाद दोपहर में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने खुद इसकी घोषणा की। पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा या नहीं अथवा किस सीट से यह पार्टी हाई कमान द्वारा तय किया जाएगा। उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला।

### 20 करोड़ दो नहीं तो पूरे कर्नाटक में धुंआ-धुंआ सीएम को मिली धमकी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया समेत कई सीनियर मंत्रियों को धमकी भरा मेल आया है। सीएम सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर सहित प्रमुख हस्तियों को भेजी गईं। मेल में लिखा है, 'मूवी का ट्रेलर कैसा लगा? अगर हमें 2.5 मिलियन डॉलर नहीं मिले तो पूरे कर्नाटक के बसों, ट्रेनों, मंदिरों, होटलों और सार्वजनिक जगहों में बड़े विस्फोट करेंगे। कुछ दिन पहले बेंगलुरु में कैफे में विस्फोट हो चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहुआयामी कार्यक्रम में 8 हजार 837 लोगों को सौंपे नियुक्ति पत्र

# इंदौर-भोपाल के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी मेट्रो पर काम शुरू

नगरों के विकास के लिए राशि का अंतरण नगरीय निकायों को दिए गए स्वच्छता क्षेत्र में पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में श्रेष्ठ कार्य के लिए चयनित नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बटन दबाकर 8 हजार 837 नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने प्रतीक स्वरूप 17 नियुक्ति पत्र मंच पर ही प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि कहा कि शहरों में स्वच्छता, युवाओं को रोजगार व मेट्रो जैसे अत्याधुनिक परिवहन साधन आज के समय की प्राथमिकताएं हैं। आज एक मंच पर एक बहुआयामी कार्यक्रम के माध्यम से इन क्षेत्रों में प्रोत्साहन, नए कार्यों की शुरूआत और नियुक्ति पत्र दिया गया है।

प्रदेश में रेलवे क्रॉसिंग खत्म करने के लिए 105 रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ही 334 पुलों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी 413 निकायों में किया गया

मप्र को स्वच्छता क्षेत्र में अग्रणी होने का सौभाग्य मिला



### भविष्य में भी स्वच्छता क्षेत्र में बेहतर परिणाम देने की अपेक्षा की

डॉ. यादव ने कहा कि पूरा देश स्वच्छता अभियान के तहत नगरों, कस्बों और ग्रामों में उदाहरण स्थापित कर रहा है। मप्र को स्वच्छता क्षेत्र में अग्रणी होने का सौभाग्य मिला है। जहां इंदौर शहर सातवीं बार स्वच्छतम शहर के रूप में चुना गया, वहीं भोपाल श्रेष्ठ स्वच्छ राजधानी मानी गई है। भोपाल देश में भी पांचवें क्रम पर स्वच्छ शहर है।

### आने वाले सप्ताह में 15 हजार अन्य नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में राष्ट्र प्रगति की ओर अग्रसर है। मप्र सरकार भी विकास के सभी क्षेत्रों में कार्य के लिए संकल्पबद्ध है। इसके साथ ही शासन-तंत्र से जुड़े छोटे से छोटे कर्मचारी के सम्मान के प्रति भी सरकार गंभीर है।

### सिटी ब्यूटी कॉम्पटीशन में विभिन्न श्रेणियों में सम्मान दिया गया

केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 एवं सिटी ब्यूटी कॉम्पटीशन के विभिन्न घटकों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसमें नगरीय निकायों से आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, स्वच्छता नोडल, सफाई मित्र, फ्रंटलाइन वर्कर आदि सहभागी बने।

सुप्रीम कोर्ट का 'सुप्रीम' आदेश

## मप्र की नदियों, तालाबों में नहीं चलेंगे मोटर बोट और क्रूज शिप

एनजीटी ने पहले ही लगा दी थी रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सहित पूरे देश की नदियों, तालाबों में मोटर बोट या क्रूज का संचालन नहीं हो सकेगा।

मध्य प्रदेश में इनके संचालन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पहले ही रोक लगा दी थी, जिसके खिलाफ मप्र पर्यटन विकास निगम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। मंगलवार को इस मामले में आदेश हुआ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एएस ओक और एवं जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने मप्र सहित पूरे देश के लिए एनजीटी के मोटर बोट और क्रूजशिप संचालन पर रोक से संबंधित आदेश को बरकरार रखा है। पर्यावरणविद डा. सुभाष सी पाण्डे ने वर्ष 2022 में एनजीटी में याचिका लगाई थी।

राहुल ने धन्यवाद के साथ दी 'फ्लाइंग किस'

## राहुल गांधी को आलू देकर कहा- बनाइए इनसे सोना

उज्जैन में राहुल ने किए महाकाल के दर्शन



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब ब्यावरा से शाजापुर पहुंची तो रास्ते में भाजपा कार्यकर्ता मोदी-मोदी और जयश्री राम का नारा लगाते मिल गए। उनके हाथ में आलू थे। राहुल काफिला रोककर गाड़ी से उतरे। भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथ से आलू लिए, धन्यवाद दिया ।

### मुख्यमंत्री यादव ने कहा पश्चाताप करें राहुल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन देव दर्शन करने की नगरी है। वे भगवान के अच्छे से दर्शन कर लें, मैं उनको शुभकामना देता हूं। मध्यप्रदेश की धरती पर भगवान उनको सद्बुद्धि दे, लेकिन वे पश्चाताप भी करें कि भगवान राम का न्योता, उनकी पार्टी ने क्यों ठुकराया था ? राहुल जनता से माफी मांगें और अपना स्पष्टीकरण दें ?

डीएमके सांसद ए राजा ने उगला जहर

## श्रीराम को बताया दुश्मन, फिर छेड़ा अलग तमिल देश का राग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीएमके नेता ए राजा ने भारत और सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान देकर जहर उगला है। ए राजा ने अपने एक हालिया बयान में कहा, भारत एक राष्ट्र है ही नहीं। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र था ही नहीं। भारत एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक उपमहाद्वीप है। ए राजा का बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन को सनातन विरोधी बयानबाजी पर फटकार लगाते हुए कहा था कि उन्हें अपने बयान के नतीजे पता होने चाहिए।

- भारत को बताया एक उपमहाद्वीप भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति



सीहोर में साध्वी प्रज्ञा ने चलाया हथौड़ा

## शराब ठेके का ताला तोड़ा, हाथ 'जोड़कर' खड़े रहे पुलिस वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भोपाल से भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने दुकान का ताला तोड़कर शराब नष्ट कर दी। ताले पर हथौड़ा चलाते हुए सांसद ने कहा, मुझे यह कहते हुए शर्म आ रही है कि यह दुकान हमारी पार्टी भाजपा के विधायक की है। मैंने इस मामले में संबंधित आबकारी अधिकारी को सस्पेंड करने के लिए कलेक्टर से कहा है। एसपी को भी डांटा है कि उन्होंने गलत जानकारी दी। शराब दुकान सीहोर जिले के खजूरिया कला बंगला में है।

- सांसद बोलीं शर्म आ रही कि ठेका भाजपा विधायक का उन्हें हटाने की मांग करूंगी



डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत की पहली 100% एफडीआई

## 'रिलायंस मेट सिटी' में स्वीडिश कंपनी साब लगाएगी हथियार बनाने का संयंत्र

40 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मेट सिटी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

यह भारत में स्वीडिश कार्ल-गुस्ताफ वेपन सिस्टम कंपनी, 'साब' की पहली मैन्युफैक्चरिंग सुविधा का घर बन गया है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत का पहली 100% एफडीआई होगी। इसके साथ ही भारत को प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भर बनाने में एक नया अध्याय शुरू होगा। हरियाणा में प्लांट का निर्माण शुरू करने के लिए साब एफएफवीओ इंडिया द्वारा दोनों कंपनियों के बीच समझौता हुआ। रिलायंस मेट सिटी पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में 9 विभिन्न देशों की कंपनियों की मेजबानी करता है। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स,ऑटो-कंपोनेंट्स से लेकर चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों तक 6 जापानी कंपनियां पहले से ही हैं । इस परियोजना में दक्षिण कोरिया की 6 कंपनियां और स्वीडन सहित यूरोप की कई कंपनियां भी शामिल हैं।



रुद्राक्ष महोत्सव : 7 से 13 मार्च तक पं. प्रदीप मिश्रा करेंगे शिवमहापुराण की कथा

## कुबेरेश्वरधाम में दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं ने जमाया डेरा

### इंदौर- भोपाल हाईवे पर भारी वाहनों को किया डायवर्ट

- श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश से करीब 500 से अधिक महिलाएं और पुरुष जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में सात से 13 मार्च तक सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव शिव महापुराण का आयोजन तीसरे साल होगा।



### कुबेरेश्वर धाम से बस स्टैंड का 20 रु. और रेलवे स्टेशन का 25 रु. किराया निर्धारित

*श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा ऑटो के लिए कुबेरेश्वर धाम से बस स्टैंड और रेल्वे स्टेशन तक के लिए किराया निर्धारित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी ने बताया कि ऑटो के लिए सीहोर रेल्वे स्टेशन से कुबेरेश्वर धाम का 25 रुपए प्रति सवारी तथा सीहोर बस स्टैंड या सीहोर शहर से कुबेरेश्वर धाम का 20 रुपए प्रति सवारी किराया निर्धारित किया गया है । बसों का किराया पूर्व से ही निर्धारित है। निर्धारित किराए से अधिक वसूल करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*




प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वीसी के माध्यम से)

## स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद

एवं

मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव

द्वारा

किसान कल्याण योजना में
**80 लाख से अधिक किसानों को**
**₹1816 करोड़**

फसल बीमा योजना खरीफ-23 में
**25 लाख से अधिक किसानों को**
**₹755 करोड़**

**का अंतरण**

तथा

## 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

6 मार्च 2024 | पूर्वाह्न 10:30 बजे | भिंड, मध्यप्रदेश

D-11231/23

### महिला स्वावलंबन को बढ़ावा

5 लाख स्व-सहायता समूहों से जुड़कर 62 लाख महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर

स्व-सहायता समूहों को उपलब्ध कराई गई लगभग ₹9838 करोड़ की वित्तीय सहायता

प्रचलित दरों से कम और आसान ब्याज दर पर ऋण की उपलब्धता

### कृषि समृद्धि के प्रतिबद्ध प्रयास

प्रदेश की वर्तमान सिंचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर को वर्ष 2025 तक बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य

पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से चंबल और मालवा क्षेत्र के 3.37 लाख हेक्टेयर खेतों को मिलेगी सिंचाई सुविधा

किसानों को 0% ब्याज पर फसल ऋण सहायता

श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना' अंतर्गत ₹1000 प्रति क्विंटल का अतिरिक्त प्रोत्साहन

पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को प्रतिवर्ष ₹12 हजार की आर्थिक मदद

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# आज से मोदीनगर तक दौड़ने के लिए तैयार नमो भारत ट्रेन



पीएम मोदी ने पिछले साल किया था शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर 2023 को साहिबाबाद से देश की इस पहली नमो भारत ट्रेन के प्राथमिकता खंड पर संचालन का शुभारंभ किया था। दूसरे चरण में इसका संचालन दुहाई से मेरठ साउथ स्टेशन तक 25 किलोमीटर लंबे खंड पर किया जाना था। मेरठ साउथ स्टेशन अभी तक संचालन के लिए तैयार नहीं हो पाया है। इसकी वजह से फिलहाल इसे मोदीनगर नार्थ स्टेशन तक चलाया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

आरआरटीएस कॉरिडोर के दूसरे फेज में दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेन का संचालन छह मार्च से शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में इसका वर्चुअल उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। एनसीआरटीसी ने इस उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर दौड़नी शुरू हो जाएंगी।

फिलहाल यह ट्रेनें साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक सिर्फ 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर संचालित हो रही हैं। पीएमओ से मिले कार्यक्रम के अनुसार एनसीआरटीसी ने मुरादनगर स्टेशन पर वर्चुअल उद्घाटन की तैयारी शुरू कर दी है। एनसीआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि उद्घाटन के बाद मुरादनगर से नमो भारत ट्रेन मोदीनगर तक निर्धारित गति पर सफर करेगी। हालांकि यात्रियों को इस ट्रेन से मोदीनगर तक सफर करने के लिए एक-दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है।

### कॉरिडोर की खास बातें

- **17** किमी की दूरी होगी दुहाई से मोदीनगर के बीच
- **34** किमी साहिबाबाद से मोदीनगर तक पर चलेगी
- **80** से 100 रुपए के बीच हो सकता है किराया
- **03** मुरादनगर, मोदीनगर साउथ और नार्थ पर रुकेगी


### 160 किमी प्रति घंटे गति

आरआरटीएस नेटवर्क क्षेत्र के यात्रियों को 160 किलोमीटर की तेज गति पर हर 5-10 मिनट के बाद त्वरित और विश्वस्तरीय आवागमन सुविधा प्रदान करेगा। बिना रुके यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा जिससे 100 किलोमीटर की दूरी 45-50 मिनट के भीतर ही तय की जा सकेगी।

---

## खबर संक्षेप

### लेबनान के हमले में एक भारतीय की मौत, 2 घायल



**जेरुसलेम।** लेबनान से दागी गई एक मिसाइल के इजराइल के मार्गालियोट समुदाय के पास एक बगीचे में गिरने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह घटना सोमवार की है। तीनों नागरिक भारत के केरल के रहने वाले थे। एक अधिकारी ने कहा कि मिसाइल सोमवार सुबह करीब 11 बजे इजराइल के मार्गालियट में एक बागान में जाकर गिर गई। मृतक की पहचान केरल के कोल्लम के पटनीबिन मैक्सवेल के रूप में हुई।

### पाक आतंक का गढ़, रो रहा खून के आंसू





**नई दिल्ली।** ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया को आतंकवाद से दहलाने वाला पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद का शिकार हो गया है और इस बार की लिस्ट में वह तीन अंक बढ़कर चौथे नंबर पर आ गया है, जबकि भारत में आतंकवाद घटा है और भारत एक अंक घटकर 14वें स्थान पर आ गया है। दुनिया में आतंकवाद के कारण होने वाली मौतें 22% बढ़कर 8352 हो गई, जो 2017 के बाद से उच्चतम स्तर पर है।

---

चार दिवसीय विदेश यात्रा पर जयशंकर

## दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में हैं। वह अपनी इस यात्रा के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताई-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सियोल में दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना की प्रशंसा करता हूं तथा संयुक्त आयोग की 10 वीं बैठक से पहले उनके मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारता हूं।

### अवसर खंगाले जाने की संभावना

विदेश मंत्रालय ने कहा था कि जेसीएम में द्विपक्षीय सहयोग के समूचे दायरे की समग्र समीक्षा होने तथा उसे और मजबूत करने के अवसरों को खंगाले जाने की संभावना है। मंत्रालय का कहना था कि जेसीएम दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारआदान-प्रदान होंगे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री ऐन डूकजेउन से भी भेंट की। व्यापारिक एवं आर्थिक सहयोग खासकर वर्तमान एवं भावी सहयोग पर व्यापक चर्चा हुई जो भारत-दक्षिण कोरिया संबंध के केंद्र में है।

### भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे जयशंकर

उन्होंने दक्षिण कोरिया के थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ भी रोचक वार्तालाप किया। जयशंकर ने कहा कि हमारे दोनों देशों के परस्पर हित बढ़ने के साथ हमारा विचार-विमर्श एवं संवाद बढ़ेगा ही। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री के भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करने की संभावना है। भारत एवं दक्षिण कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी का विस्तार सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुआ है जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति शामिल हैं।

---

एनआईए ने किया सर्च ऑपरेशन, मामले में चेन्नई से 5 लोग हिरासत में


# लश्कर मॉड्यूल से जुड़े बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के तार, जांच में खुल रही परतें

*बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट में एक के बाद एक नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब सामने आ रहा है कि इस ब्लास्ट के तार लश्कर मॉड्यूल से जुड़ रहे हैं। ब्लास्ट की तहकीकात कर रही नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम ने 7 राज्यों में छापेमारी की है।*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे में 1 मार्च को हुए धमाके के तार लश्कर मॉड्यूल से जुड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि जिन लोगों ने ब्लास्ट को अंजाम दिया है, उनके तार भी इस लश्कर मॉड्यूल से ही जुड़े हुए हैं। ब्लास्ट की तहकीकात कर रही नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम ने 7 राज्यों के 17 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए कर्नाटक की जेलों में लश्कर मॉड्यूल के जरिए कट्टरवाद फैलाने के एक मामले में भी तफ्तीश कर रही है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उसमें तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक शामिल हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि इस मॉड्यूल के सहयोगी इन ठिकानों पर छुपे हो सकते हैं।







- ब्लास्ट की तहकीकात के लिए एनआईए ने की रेड
- टीम को हुआ शक तो मामले की सुई दूसरी ओर घूमी

### बस स्टैंड पर बम का टाइमर सेट

- बस स्टैंड पर संदिग्ध ने खोली थी बैग की चेन
- कैफे में संदिग्ध ने बिताए थे 9 मिनट

### फेमस है रामेश्वरम कैफे

*रामेश्वरम कैफे बेंगलुरु में अपने डोसे के लिए काफी फेमस है। इसकी शहर में कई ब्रांच हैं। कैफे की स्थापना साल 2022 में हुई थी। यहां सुबह 6:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक काफी भीड़ रहती है।*





### एनआईए ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया

*इस बीच चेन्नई में एनआईए की छापेमारी में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनमें से एक आतंकी का नाम थमीम आशिक और दूसरे का नाम हसन अली है। दोनों के तार नसीर से जुड़े हवाला राशि के लेनदेन से कनेक्टेड बताए जा रहे हैं। एनआईए ने रामनाथपुरम में समशुदीन के आवास पर भी*

### सीसीटीवी फुटेज में नजर आया संदिग्ध

इस ब्लास्ट के बाद जांच टीम को संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज हाथ लगा था, जिसमें उसे सफेद रंग के कैप और ग्रे-रंग के शर्ट में देखा गया था। उसने अपनी पीठ पर बैग लटका रखा था, जिसमें संभावित रूप से संदिग्ध बम लेकर आया था। सीसीटीवी से पता चला था कि शख्स बस से आया, स्टैंड में कुछ समय बिताया और फिर कैफे में बम रखकर फरार हो गया। सीसीटीवी वीडियो में संदिग्ध के बस स्टैंड में रुकने की समयसीमा को लेकर सवाल है कि क्या उसने बस स्टैंड पर बम का टाइमर सेट किया था? संदिग्ध ने कैफे में सिर्फ 9 मिनट बिताए और फिर चलता बना।

### घटना पर चश्मदीदों के बयान

**सबरीश कुंडली:** दोपहर करीब 1 बजे हमने एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी। हमने इलाके के चारों ओर काला धुआं देखा। 5-6 लोगों को घायल देखा।
**एडिसन:** हम लंच करने कैफे आए हुए थे। करीब 1 बजे हमने धमाके की आवाज सुनी। लोग कह रहे थे कि यह एक सिलेंडर विस्फोट था।
**सिक्योरिटी गार्ड:** मैं रोज की तरह कैफे के बाहर अपनी ड्यूटी कर रहा था। अचानक एक जोरदार आवाज आई और आग लग गई।

### दहल उठा था रेस्त्रां

*बता दें कि बेंगलुरु के मशहूर रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट हुआ था। यह बेंगलुरु शहर का सबसे नामी रेस्त्रां है। यहां हुए धमाके में 10 लोग घायल हुए थे। अंदर धुआं भर गया और जान बचाने लोग भागते रहे।*

---

राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- 10 मई तक वापसी

## 'कोई भारतीय सैनिक मालदीव में सादे कपड़ों में भी नही रहेगा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्यकर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब कुछ समय पहले भारत की एक सिविलियन टीम मालदीव में एक एविएशन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।



### चीन से किया समझौता

मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा कि 10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने नि:शुल्क सैन्य सहायता के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अभी भारत के 88 सैन्यकर्मी मालदीव में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप पर लगा बैन हटाया



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ दिए दिए कोलोरोडा कोर्ट के उस आदेश के रद्द कर दिया है जिसमें उसने ट्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई थी। पिछले साल कोलोराडो की अदालत ने ट्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी।

---

लोग लंबे समय से कर रहे थे मांग

## गर्भपात को संवैधानिक अधिकार बनाने वाला दुनिया का पहला देश बना फ्रांस, पक्ष में पड़े 780 वोट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में महिलाओं को गर्भपात कराने का संवैधानिक अधिकार दे दिया गया है। संविधान में संशोधन किया गया है। गर्भपात को अधिकार बनाना वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश बन गया है। इसके लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया। इस विधेयक के पक्ष में 780 वोट पड़े जबकि विपक्ष में सिर्फ 72 वोट ही डाले गए। मैक्रों ने महिलाओं से इस कानून का वादा किया था। फ्रांस में पिछले काफी समय से आंदोलन चलाया जा रहा था।



### फ्रांस में क्या था गर्भपात संबंधी कानून?

*फ्रांस में गर्भपात को लेकर 1975 में एक कानून लाया गया था। तब फ्रांस में गर्भपात को कानूनी अधिकार दिया गया था। अब इसे संवैधानिक अधिकार बना दिया गया है। इस कानून को लेकर सर्वे भी कराया गया जिसमें 85 फीसदी जनता ने गर्भावस्था को समाप्त करने के अधिकार की रक्षा के लिए संविधान में संशोधन का समर्थन किया है।*

### महिलाएं खुद निर्णय लें

सदन में स्पीकर याइल ब्रौन-पिवेट ने कहा कि फ्रांस यह कदम उठाने वाला पहला देश है। उन्हें गर्व है कि महिलाओं को यह अधिकार दिया गया है। फ्रांसीसी पीएम गेब्रियल अटल ने कहा कि अब सभी महिलाएं अपने बारे में खुद निर्णय ले सकती हैं। सरकार महिला दिवस पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगी।

---

दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में बड़ा उलटफेर हुआ, मस्क को लगा बड़ा झटका

## डोल गया एलन मस्क का सिंहासन, जेफ बेजोस बने दुनिया के सबसे अमीर शख्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


दुनिया के टॉप-10 अमीरों की लिस्ट में बड़ा उलटफेर हुआ है और नंबर-1 अमीर की कुर्सी पर लंबे समय से काबिज एलन मस्क को बड़ा झटका लगा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक अब मशहूर ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। जेफ बेजोस की कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर है, जबकि दूसरे सबसे अमीर आदमी एलन मस्क की कुल संपत्ति 198 बिलियन डॉलर है। एलन मस्क की नेटवर्थ पिछले साल 31.3 बिलियन डॉलर कम हुई जबकि जे बेजोस की नेटवर्थ 23.4 बिलियन डॉलर बढ़ गई।

- नंबर-1 अमीर की कुर्सी पर लंबे समय से काबिज थे मस्क
- ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स ने जारी किए आंकड़े
- 200 बिलियन डॉलर के धनी बेजोस ने एलन मस्क को पीछे छोड़ा




### एलन मस्क

एक्स, स्पेसएक्स और टेस्ला जैसी मशहूर कंपनियों के मालिक एलन मस्क अब दुनिया के सबसे अमीर शख्स नहीं रहे। अब वे दूसरे नंबर पर आ गए हैं।




### मार्क जुकरबर्ग

फेसबुक के मालिक मार्क जुकरबर्ग अमीरों की लिस्ट में चौथे पायदान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, जुकरबर्ग की नेटवर्थ 179 अरब डॉलर है।



### बर्नार्ड अर्नाल्ट

फ्रांसीसी अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट अमीरों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, बर्नार्ड अर्नाल्ट की नेटवर्थ 197 अरब डॉलर पर पहुंच चुकी है।



### बिल गेट्स

दुनिया के पांचवें सबसे अमीर शख्स माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स हैं। गेट्स की नेटवर्थ 150 अरब डॉलर है।

---

### जेल में कैदियों को बनाया जा रहा था कट्टरपंथी

**एजेंसी:बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु की जेल में लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी द्वारा कुछ कैदियों को कट्टरपंथी बनाने का मामला सामने आया था। एनआईए ने इस 11 साल पुराने मामले को लेकर मंगलवार को 7 राज्यों में के 17 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। बता दें कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में 7 पिस्तौल, 4 हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था।



# 6वें यूजीसी वेतनमान में एजीपी 10 हजार मिलने पर खिल उठे प्रोफेसर्स के चेहरे

**अब कॉलेज के प्राध्यापक भी हो सकेंगे कुलगुरु नियुक्त, शिक्षकों के प्राध्यापक और प्राचार्य के पद पर पदोन्नति प्रक्रिया हो सकेगी शुरू**

## प्रदेश के 500 से अधिक कॉलेज प्राचार्य विहीन, अब इन्हें मिल सकेंगे प्राचार्य | मंत्री परिषद की बैठक में किया गया प्रस्ताव का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों को 6वें यूजीसी वेतनमान में एजीपी रुपए 10 हजार स्वीकृत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इससे प्राध्यापकों की करीब एक दशक से लंबित मांग पूरी हो गई है। मांग पूरी होने पर प्रदेश के प्रोफेसर्स के चेहरे खिल गए हैं। सरकार के इस कदम का प्रदेश के शिक्षकों ने स्वागत करते हुए प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री इंदर सिंह परमार और डॉ. केसी गुप्ता अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. का आभार जताया है। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ. कैलाश त्यागी तथा डॉ. आनंद





शर्मा, महासचिव ने बताया कि प्राध्यापकों को वर्ष 2010 में 6वें यूजीसी वेतनमान में एजीपी 10 हजार रुपए स्वीकृत किया गया था, जिसे वर्ष 2012 में वापस ले लिया गया था। जिस कारण कनिष्ठ प्राध्यापकों को एजीपी 10 हजार, जबकि वरिष्ठ प्राध्यापक को एपीजी 9 हजार रुपए दिया जा रहा था। इसके अलावा प्राध्यापकों की वरिष्ठता सूची वर्ष 2010 से लंबित थी। प्रदेश के 500 से अधिक महाविद्यालय प्राचार्य विहीन थे।

### अन्य राज्यों के प्राध्यापकों के समान एजीपी



प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के मीडिया प्रभारी एवं उपाध्यक्ष डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि म.प्र. शासन के इस कदम से प्रदेश के प्राध्यापक अब देश के अन्य राज्यों के प्राध्यापकों के समान एजीपी 10 हजार रुपए का वेतनमान प्राप्त करेंगे। महाविद्यालय के प्राध्यापकों को भी अब कुलगुरु नियुक्त किया जा सकेगा। इसके अलावा महाविद्यालयीन शिक्षकों के प्राध्यापक एवं प्राचार्य के पद पर पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। शासन द्वारा शिक्षक हित में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश के शिक्षकों के चेहरे खिले हुए हैं।

---

### जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में होगी आगामी रीजनल इंडस्ट्रियल समिट

# देवी-देवताओं के वस्त्र-आभूषण, मूर्ति निर्माण को कुटीर उद्योग के रूप में प्रोत्साहित करेंगे

**मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व मंत्री को बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित देव-स्थानों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय क्षेत्र के देव-स्थानों के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग भी इसमें शामिल रहेंगे। सभी विभाग परस्पर तालमेल और समन्वय से देव-स्थानों के विकास के लिए कार्य योजना बनाकर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। राज्य शासन का उद्देश्य है कि मंदिर देव-स्थान के साथ-साथ सामाजिक चेतना और समरसता का भी केंद्र बनें और मंदिरों में सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक कार्य संपन्न हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कैबिनेट की बैठक से पहले संबोधन में कहा कि कैबिनेट के सदस्यों का भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए शासकीय रूप से अयोध्या जाना ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर है।



### देवालयों में लगने वाली सामग्री के लिए लगेंगे कुटीर उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवालयों में लगने वाली सामग्री जैसे भगवान श्री कृष्ण के वस्त्र-आभूषण, श्रृंगार सामग्री, धातु व पत्थर की मूर्तियों के निर्माण को कुटीर उद्योग के तहत प्रोत्साहित किया जाएगा। स्व-सहायता समूह तथा क्षेत्र के युवाओं को इसके लिए मथुरा एवं जयपुर आदि के कलाकारों से प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा और मंदिरों में इन सामग्रियों के विक्रय के लिए स्टॉल की व्यवस्था भी की जाएगी।

### रीजनल इंडस्ट्रियल समिट जबलपुर रीवा और ग्वालियर में होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कैबिनेट के सदस्यों ने उज्जैन में हुई रीजनल इंडस्ट्रियल समिट की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्रियल समिट में उज्जैन के साथ-साथ प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी औद्योगिक गतिविधियां शुरू हुई हैं। आगामी रीजनल इंडस्ट्रियल समिट जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि राजस्व महाअभियान के तहत नामांतरण के तीन लाख तीन हजार प्रकरण निराकृत किए गए। अभियान में 37 हजार बंटवारे के प्रकरणों, 40 हजार सीमांकन, 25 हजार अभिलेख दुरूस्ती, दो लाख 23 हजार 830 नक्शा-तरतीम के प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

### राज्य राजमार्गों के उन्नयन के लिए 5,812 करोड़ रुपए की परियोजना स्वीकृत

## विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लिए 5,180 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

भोपाल। मप्र कैबिनेट ने सोमवार को प्रदेश में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 5 हजार 180 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति दी है। इसमें से 5 हजार 42 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित और 137 करोड़ रुपए से अधिक प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। स्वीकृत की गई परियोजनाओं में पन्ना जिले के विकासखंड शाहनगर में 600 करोड़ रुपए के स्थान पर 775 करोड़ रूपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इसके बन जाने से क्षेत्र के 577 ग्राम पेयजल सुविधा से भी लाभान्वित होंगे।

### राज्य राजमार्गों के उन्नयन के लिए 5 हजार 812 करोड़ रुपए

न्यू डेव्हलपमेंट बैंक से मप्र में राज्य राजमार्गों के उन्नयन के लिए 5 हजार 812 करोड़ रुपए की परियोजना की स्वीकृति दी। परियोजना के लिए 4 हजार 68 करोड़ रुपए का ऋण प्रदाय किया जाएगा। शेष 1 हजार 744 करोड़ रुपए राज्य शासन की ओर से वहन किया जाएगा। प्रदेश में लगभग 884.63 किमी राज्य राजमार्गों, मुख्य जिला मार्गों का विकास 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर, 4-लेन में इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एण्ड कंसस्ट्रक्शन (ई.पी.सी.) मॉडल पर किया जाएगा।

### शहडोल में रिंग रोड के निर्माण के लिए 81 करोड़

शहडोल जिले के नगर ब्यौहारी के लिए प्रथम चरण मे 14.50 किमी रिंग रोड निर्माण के लिए 81 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। ब्यौहारी नगर में 27 किमी लंबाई का रिंग रोड 147.46 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित किया जाना है।

---

## वरदान साबित होगी हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा

- भाजपा प्रदेश महामंत्री ने मुख्यमंत्री का माना आभार

भोपाल। डबल इंजन सरकार हर गरीब को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज नहीं हैं, उन जिलों के मरीजों को इलाज के लिए दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज विहीन जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड करने का मध्यप्रदेश सरकार का निर्णय गरीबों के लिए वरदान साबित होगा। यह बात पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने मेडिकल कॉलेज विहीन जिलों के जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड करने के मध्यप्रदेश कैबिनेट के निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कही। प

### पंचायत सचिवों के परिजनों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

भगवानदास सबनानी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के साथ कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी कार्य कर रही है। आज कैबिनेट में पंचायत सचिवों के परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने और जिले के बाहर तबादले का निर्णय लिया गया है। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों को छठवें वेतनमान में एजीपी 10 हजार देने के निर्णय से हजारों प्राध्यापकों को फायदा होगा।

---

### सीएम के नेतृत्व में अयोध्याधाम जा रहे थे मंत्री

## मंत्रिमंडल सदस्यों का महापौर ने तिलक लगाकर किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अयोध्याधाम के लिए प्रस्थान करने से पूर्व प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं उनके परिजनों का महापौर मालती राय ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बाबीसा, जोन अध्यक्ष सूर्य कांत गुप्ता, विकास पटेल, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, ज्योति यादव, शैलेष साहू आदि सहित कई नागरिक मौजूद थे।

प्रभु श्रीराम जी के दर्शन करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यगण ने अपने परिजनों के साथ सोमवार को दोपहर अयोध्याधाम के लिए प्रस्थान किया।

## पीसीसीएफ के 4 नए पद होंगे सृजित 4 एपीसीसीएफ बनेंगे पीसीसीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने आखिरकार भारतीय वन सेवा के अफसरों को एक वर्ष के लिए उच्च स्तर के चार पद निर्मित करने को मंजूरी दे दी। इस पर वन विभाग में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) के चार पदों पर पदोन्नति हो सकेगी। ऐसा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के चार वरिष्ठ अफसरों को उपकृत करने के लिए किया गया है। इससे राज्य शासन को बेवजह में लाखों रुपए का भार आएगा। हालांकि इन अफसरों को इसका लाभ मिल सकेगा। यह अफसर इसी वर्ष सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं।

हरिभूमि ने अभी कुछ दिन पहले ही इसकी खबर प्रकाशित की थी। चार अफसरों को पदोन्नति देने के लिए एक फाइल मंत्रालय से होते हुए वित्त विभाग में पहुंचा था।

---

# बॉलीवुड सिंगर मोनाली ठाकुर के सुर से गूंजेगा पाली महोत्सव

## उप मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सात से आठ मार्च तक किया जाएगा, जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव के पहले दिन का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए महिला कलाकारों की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा।

बालीवुड सिंगर सोना महापात्रा व मोनाली ठाकुर, छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री शालिनी विश्वकर्मा व अन्य राज्य व स्थानीय महिला कलाकारों, बच्चों द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के अंतर्गत आयोजन स्थल में निजी फर्म संस्था अपना स्टाल लगाने के लिए फर्म द्वारा 30 हजार रुपये निर्धारित शुल्क राशि पाली महोत्सव कोरबा के नाम से नगद राशि या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से पांच फरवरी शाम चार बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा में जमा कर सकते हैं।



कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने रविवार को पाली के केराझरिया में आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, वीआईपी बैठक, बेरिकेडिंग, विभागीय स्टाल सहित अन्य व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए मंच में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पेयजल, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था और प्रवेश पास के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, दिनेश कुमार नाग सहित एसडीएम, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

### बोरियों में वजन कम होने से मिलर्स धान का परिवहन नहीं कर रहे

## 72 घंटे के भीतर उठाव का नियम: 49 उपार्जन केंद्रों में अभी भी 65 हजार क्विंटल धान जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

72 घंटे के भीतर धान उठाव का नियम है। धान खरीदी बंद हुए एक माह बीत चुका है। 49 उपार्जन केंद्रों में अभी भी 65 हजार क्विंटल धान जाम हैं। जीरो शार्टेज में 16 उपार्जन केंद्रों से धान का पूरा उठाव हो चुका है। भर्ती के अनुसार बोरियों में वजन कम होने के कारण मिलर्स धान का परिवहन नहीं कर रहे हैं। इस वजह से उठाव में देरी हो रही है। मौसमी उतार चढ़ाव के बीच आसमान में बादल छाए हैं। खुले में रखे रखे धान के भीगने का खतरा बना हुआ है। जिले में इस बार 25 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। अनुमानित लक्ष्य से 3.67 लाख क्विंटल धान की अधिक खरीदी हुई है। पानी में भीग कर सूखे धान में मिलिंग के दौरान कनकी निकलने की संभावना अधिक रहती है। चावल जमा नहीं होने की आशंका से मिलर्स धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। पहली बार जिले में 28 लाख क्विंटल धान की रिकार्ड खरीदी हुई है।

### 103 मिलर्स ही मिलिंग के लिए अनुबंधित



हर साल धान खरीदी की अनुमानित मात्रा के अनुसार मिलर्स को अनुबंधित किया जाता है। जिला प्रशासन ने 103 मिलर्स को ही मिलिंग के लिए अनुबंधित किया है जो जरूरत से कम हैं। जिले में बीते सात वर्षो से जीरो शार्टेज में धान का उठाव हुआ है। इस बार भी जिला प्रशासन ने सभी प्रबंधकों से जीरो शार्टेज में उठाव के लिए कहा है। धान को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी प्रबंधकों की है। इसके बाद भी वर्षा के दौरान धान भीगते रहे। अब गलती का सामना प्रबंधकों को उठाव के समय करना पड़ रहा है। बीते वर्ष की तुलना में छह लाख क्विंटल धान की अधिक खरीदी हुई है। पिछले साल खरीफ वर्ष 2022-23 में 43,337 किसानों ने 60 उपार्जन केंद्रों में धान बेचा था। इस वर्ष अगस्त से 31 अक्टूबर तक चली नवीन पंजीयन में 5954 किसान शामिल हुए। इनमें 196 किसानों का पंजीयन निरस्त हो गया। इस बार धान बेचने के लिए 51,183 किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें 43,491 किसानों ने धान बेचा है। धान बिक्री के लिए कुल रकबा 72 हजार774.01 हेक्टेयर है। जिसमें इस वर्ष 5663.01 हेक्टेयर रकबा में बढ़त हुई है। बीते वर्ष किसानों ने 22 लाख 2514 क्विंटल धान बेचा था।

---

### मातम में बदली खुशियां

## शादी से छह दिन पहले युवक ने फांसी लगाकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

घर में शहनाई बजने से पहले फांसी लगाकर उसने जान दे दी। नयापारा माकड़ी निवासी 25 वर्षीय विजय कुमार मंडावी ने सोमवार को घर से लगे महुआ पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने घटना की जानकारी सरपंच व माकड़ी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पंचनामा के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्वजनों ने बताया कि बार-बार बोलने के बाद भी रविवार रात को खाना नहीं खाया था। सोमवार सुबह पेड़ पर उसका शव लटका मिला। उन्होंने बताया कि ओडिशा की लड़की के साथ सगाई हुई थी, कुछ दिनों बाद 10 मार्च को शादी होने वाली थी। शादी का कार्ड भी बंट चुका था। अपने रिश्तेदारों व दोस्तों के पास खुद भी जाकर-जाकर शादी का कार्ड बांटा था। मृतक के माता-पिता दोनों नहीं हैं, बड़ा भाई के साथ रहता था। डाक्टर विनीत लकरा ने युवक की मौत का कारण आत्महत्या बताया। स्वजनों ने बताया कि सगाई के बाद से मृतक विजय कुमार मंडावी गुमशुम सा रहता था। परिवार के सदस्यों से ज्यादा बातचीत नहीं करता था। साथ ही अपने दोस्तों के बीच भी ज्यादा नहीं जाता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---

# विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पर तीन राउंड गोली चलाने वाला आप का नेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पर तीन राउंड गोली चलाने वाला आम आदमी पार्टी का नेता गिरफ्तार हुआ है। भागने से पहले एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने उसे पकड़ा। रायगढ़ जिले के खरसिया नगर पंचायत अंतर्गत संजय नगर में आम आदमी पार्टी के नेता व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने एक युवक पर एयरगन से तीन गोलियां चला दी थी। गोलियां चलाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। दिनदहाड़े हुए गोली कांड से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि गोलीकांड जमीन विवाद के चलते हुआ। क्षेत्र के पटवारी और आरआई के मौके पर मौजूद होने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, आम आदमी पार्टी के नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमर अग्रवाल का क्षेत्र में जमीन विवाद है। यहां संजय नगर में स्थित जमीन को लेकर अमर अग्रवाल का विवाद गोपाल मिरी से था। बताया जा रहा है कि सरकारी जमीन में निर्माण को लेकर गेट लगाकर कब्जा किया जा रहा था। इस जमीन को लेकर आपसी विवाद बढ़ गया और अमर अग्रवाल ने तैश में आकर गोपाल मिरी पर एक के बाद एक तीन गोलियां चला दी। इससे गोपाल मिरी गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पीठ और पेट में गोलियां लगी है। फायरिंग एयरगन (चिड़िया मारने) वाली से की गई हैं। घायल गोपाल गिरी को खरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गोली चलाने के बाद आम आदमी पार्टी का नेता अमर अग्रवाल फरार था। वह दिल्ली भागने के फिराक में था। इससे पहले एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने उसे पकड़ा लिया। पटवारी, आरआई उपस्थिति में जमीन की नाप की जा रही थी।

---

### बोले प्रदेश अध्यक्षः ऐसे नेता अपने कुनबे तक सीमित

# मोदी का परिवार भारत के हर परिवार में: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजनीति में सक्रिय परिवारवादी पार्टियों के लालू यादव जैसे नेता अपने ही परिवार में उलझे रहते हैं। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी संबोधन की शुरुआत 'मेरे परिवारजनों' शब्द से करते है। वो पूरे देश को ही अपना परिवार मानते हैं। इंडी गठबंधन मोदी का परिवार ढूँढेगा तो भारत के हर परिवार में जाना होगा। पीएम के बारे में लालू यादव की टिप्पणी पर जवाब देते हुए यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

### पीएम का विजन है-'वसुधैव कुटुम्बकम'

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है-'वसुधैव कुटुम्बकम'। प्रधानमंत्री के लिए सारी दुनिया ही एक परिवार है और यही भारतीय संस्कृति भी कहती है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोनाकाल में साबित भी किया है।

### प्रदेश में रामराज्य हो, इसलिए गए मंत्री

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार के मंत्री अयोध्या गए हैं। प्रदेश में रामराज्य हो और गुड गवर्नेंस का लाभ प्रदेश की जनता को मिले, इसके लिए सीएम सहित सभी मंत्री श्री रामलला के दर्शन करने गए हैं। भविष्य में पार्टी के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी अयोध्या जाएंगे।

### जिला अध्यक्ष सावन सिंह सहित पवई के पांच सरपंच भाजपा में शामिल



भोपाल। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के समक्ष पन्ना जिले के कांग्रेस आईएनसीआर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सावन सिंह सहित पवई के पांच सरपंचों ने भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी के पन्ना जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम अवतार बब्लू पाठक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया उपस्थित रहे।

---

## भोपाल सांसद बोलीं, मैं कोई भी बयान या इंटरव्यू नहीं दूंगी

भोपाल। अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाली भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर इस बार मीडिया से बातचीत बंद करने को लेकर चर्चाओं में हैं। इसको लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो उस दौरान का बताया जा रहा है जब टिकट कटने के बाद दिए उनके एक बयान को लेकर मीडिया कर्मी भोपाल स्थित उनके निवास पर प्रतिक्रिया लेने पहुंचे थे। वायरल वीडियों में भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर कह रहीं है कि मैं हाथ जोड़ती हूं, हम जो बोलते हैं, आप लोग उसे तोड़-मरोड़कर दिखाते हैं।




संस्कारधानी समेत आसपास के जंगलों में पलाश खिल उठा है। शायद इन्हें भी आभास हो चुका है कि होली का त्यौहार नजदीक है। कुछ दिन बाद ही अब इनसे रंग बनेंगे और लोग होली खेलेंगे। कहीं दूर पलाश खिला हुआ हो तो दूर से ही चमक उठता है।

## हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से पूछा

# स्वशासी महाविद्यालयों से क्यों वसूला जा रहा संबद्धता शुल्क

जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से पूछा है कि स्वशासी महाविद्यालयों से संबद्धता शुल्क क्यों वसूला जा रहा है। जस्टिस राज मोहन सिंह की एकलपीठ ने विवि प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 14 मार्च को होगी।

माता गुजरी महिला महाविद्यालय के डॉ कमलेश तिवारी और गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी के सचिव जितेन्द्र सिंह सैनी की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उक्त मातागुजरी एक स्वायत्त कॉलेज है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमन के अनुसार स्वायत्त कॉलेज को हर साल संबद्धता शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। नियमानुसार केवल एक बार ही संबद्धता शुल्क का भुगतान करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त शुल्क का बोझ छात्रों पर ही पड़ेगा। कोर्ट को बताया गया कि विश्वविद्यालय ने 29 मार्च 2023 को संशोधित अधिसूचना जारी कर शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए महाविद्यालय से अतिरिक्त संबद्धता शुल्क की मांग की है। याचिकाकर्ता की ओर से एक अंतरिम आवेदन पेश कर शुल्क वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई। वहीं विवि की ओर से बताया गया कि शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 5 मार्च से बढ़ाकर 20 मार्च कर दी गई है। कोर्ट ने मूल याचिका और अंतरिम आवेदन पर विश्वविद्यालय प्रशासन को हर हाल में अगली सुनवाई तक जवाब पेश करने कहा है।

## कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल द्वारा दायर मानहानि का मुकदमा निरस्त

### भाजपा के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा सहित अन्य पर किया था 10 करोड़ का दावा



जबलपुर।

जिला न्यायाधीश डा.धर्मेंद्र टाडा की अदालत ने कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल द्वारा दायर मानहानि का मुकदमा प्रमाणित न पाकर निरस्त कर दिया। इस मुकदमे के जरिये भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा, नंद कुमार सिंह चौहान (दिवंगत), कुंवर सिंह व शरदेंदु तिवारी पर 10 करोड़ का दावा किया था। जिस समय यह मुकदमा दायर किया गया था, आवेदक मप्र के चुरहट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक के अलावा नेता प्रतिपक्ष था। जबकि प्रभात झा राज्यसभा सदस्य व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष थे। अजय सिंह का आरोप था कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष झा सहित अन्य ने 17 फरवरी, 2012 को समाचार प्रकाशित कराया था। जिसमें ग्राम चुरहट में कोल आदिवासियों की भूमि पर कब्जा करने की अनुचित बात शामिल थी। यह भी लिखा था कि ग्राम साढ़ा तहसील चुरहट में अजय सिंह राहुल ने अपने भाई अभिमन्यु सिंह को शासकीय भूमि का पट्टा अपने प्रभाव के दुरुपयोग के जरिये गलत तरीके से दिलाया। आदिवासियों को दिए गए पट्टे की भूमि पर अजय सिंह राहुल के परिवार का कब्जा है। पहाड़ी पर 100 एकड़ भूमि है, जिस पर महुए के पेड़ लगे हैं, वन उपज का आधा हिस्सा सिंह परिवार लेता है। परिवार के एक करीबी मित्र भोपाल में रहते हैं, उनके नाम से चुरहट में जमीन है, जो कि बेनामी संपत्ति है। इसी तरह आदिवासियों को महज सौ-सौ वर्गफीट के प्लाट देकर भूमि से विस्थापित करने आदि के आरोप लगाए गए थ। इससे अजय सिंह राहुल व्यथित हुए और मानमहानि का मुकदमा दायर कर दिया। अदालत ने सुनवाई पूरी करते हुए पाया कि मानहानि के मामले में समाचार प्रकाशित करने वाले पक्षकार हैं, इसके बावजूद उनसे कोई क्षतिपूर्ति नहीं चाही गई। इस तरह आवश्यक पक्षकारों का असंयोजन दोष विद्यमान हो, यह प्रमाणित नहीं है। कुल मिलाकर मानहानि का आरोप साबित नहीं पाया गया। इसलिए मुकदमा निरस्त किया जाता है।

# किसी भी प्रकार के प्रतिफल के बिना शून्य होता है करार

### जिला उपभोक्ता आयोग ने टिप्पणी के साथ ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध निरस्त किया व्यापारी का परिवाद

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि किसी भी प्रकार के प्रतिफल के बिना करार शून्य होता है। जिला उपभोक्क्ता आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की युगलपीठ ने उक्त टिप्पणी के साथ ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध व्यापारी द्वारा दायर परिवाद सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा का दोष सिद्ध न पाते हुए निरस्त कर दिया। ऐसा इसलिए भी क्योंकि परिवादी अनावेदक का उपभोक्ता साबित नहीं हुआ है।

अनावेदक ट्रांसपोर्ट कंपनी, चंडालभाटा की ओर से अधिवक्ता दीपक भट्ट ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि साड़ी व्यापारी का दावा तथ्यपूर्ण न होने के कारण निरस्त किए जाने योग्य है। परिवादी की मांग है कि ट्रांसपोर्ट से बुक किए गए 44, 846 रुपये के साड़ियों के बंडल गंतव्य तक न पहुंचने के कारण हुई क्षति की पूर्ति की जाए। मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना के लिए एक लाख रुपये दिलाए जाएं। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि परिवादी द्वारा 17 जून, 2019 को बिल्टी नंबर 3135 के माध्यम से जो साड़ियां बुक कराई थीं, उसका कोई भाड़ा भुगतान नहीं किया था। इस प्रकार किसी भी प्रकार के प्रतिफल के बिना करार शून्य होता है। साथ ही परिवादी अनावेदक का उपभोक्ता भी सिद्ध नहीं होता। परिवादी ने साड़ियों का बिल या विवरण भी अनावेदक को नहीं दिया था। इसलिए उसकी कीमत बिल्टी रसीद में नहीं लिखी थी। परिवादी द्वारा किसी प्रकार की राशि माल डिलेवरी के संबंध में अदा नहीं की। इसलिए परिवाद पोषणीय न होने के कारण निरस्त किए जाने योग्य है। इसके अलावा बिल्टी रसीद में स्पष्ट रूप से अंकित है कि माल बुकिंग के 15 दिन बाद किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। माल की बुकिंग की तारीख से 30 दिन बाद माल की किसी भी प्रकार की जवाबदारी अनावेदक की नहीं होगी। परिवादी द्वारा माल का वजन व मूल्य अंकित नहीं कराया गया है। इसलिए अनावेदक को राशि का भुगतान नहीं किया।



# पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को मिली 40 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात

### विकास का सिलसिला और गति पकड़ेगा, जनता से किये सभी वादे पूरे होंगे : मंत्री श्री सिंह

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में करीब 40 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात क्षेत्र वासियों को दी। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम को प्रदेश की सबसे उन्नत और विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाने का वादा नागरिकों से किया। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला यहीं नहीं रूकने वाला है बल्कि इसमें और गति आयेगी तथा वे सभी विकास कार्य होंगे जिनका विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया गया था। इसके अलावा विकास के वे कार्य भी होंगे जिनकी जरूरत महसूस होगी। चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किये थे वो सब विकास कार्य भी होंगे।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जहां झण्डा चौक ग्वारीघाट में आयोजित कार्यक्रम में 9 करोड़ 61 लाख रूपये से बनने वाले ग्वारीघाट से रेतनाका ललपुर मार्ग का, 6 करोड़ 48 लाख रूपये की लागत से झण्डा चौक से मुक्तिधाम मार्ग का सुदृढ़ी करण एवं चौड़ीकरण के कार्य का एवं साईराम चौराहे से सुखसागर ब्लू अपार्टमेंट तक 83 लाख रूपये से बनने वाली सीसीरोड का भूमि पूजन किया। वहीं उन्होंने आजाद रामुपर चौक में आयोजित कार्यक्रम में 5 करोड़ 78 लाख रूपये की लागत से रामपुर चौराहे से रामपुर छापर मार्ग के निर्माण कार्य तथा पिसनहारी की मढ़िया के सामने आयोजित कार्यक्रम में पिसनहारी मढ़िया से आईटाइप गढ़ा पुरवा मार्ग तक 3 करोड़ 74 लाख रूपये से बनने वाले दो लेन लिंक मार्ग एवं आईटाईप से धनवंतरी नगर तक 7 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से बनने वाले फोर लेन मार्ग का भूमि पूजन किया। लोक निर्माण विभाग से किये जाने वाले इन कार्यों के अलावा श्री सिंह ने नगर निगम की ओर से ग्वारीघाट में नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिये बनने वाले 2 करोड़ 30 लाख रूपये के सामुदायिक भवन तथा पिसनहारी मढ़िया के समीप बस स्टैंड के पास बनने वाले करीब 5 करोड़ रूपये के सामुदायिक भवन की आधारशिला भी रखी। इसके पहले लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने सुखसागर वैली ग्वारीघाट में 49 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सड़कों का भूमि पूजन सुखसागर वैली कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में किया।

## नए चेहरों को शामिल किए जाने पर अंदरुनी सियासी घमासान

# मजबूरी में बनी निगम के इतिहास की पहली आधी एमआईसी



**जबलपुर।** लंबे इंतजार के बाद नगर निगम के इतिहास में पहली बार पांच सदस्यों वाली सबसे छोटी एमआईसी का गठन किया गया। सोमवार की देर रात पांच सदस्यों के न केवल नाम घोषित किए गए बल्कि उनके विभागों का आबंटन भी कर दिया गया। पहली बार के बने पार्षदों को एमआईसी में जगह दी गई है जबकि वरिष्ठ और तीन तीन बार के पार्षदों को एमआईसी में जगह नहीं मिली। अब इसको लेकर सियासत शुरु हो गई है। कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधायकों ने जो तेवर झेले है अब वहीं तेवर वे दिखा रहे है। यह खंदक कहा तक जाएगी, यह कहना बड़ा मुश्किल है। लेकिन एमआईसी की घोषणा के बाद ही अंसतोष की बात सामने आने लगी। हालांकि अभी खुल कर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। क्योंकि पार्टी में अभी यही कहा जा रहा है कि जब संगठन पहले बार की चुनी विधायक को मुख्यमंत्री बना सकता है तो पहली बार के पार्षद एमआईसी सदस्य क्यों नहीं बन सकते। यहां गौरतलब है कि एमआईसी के लिए वरिष्ठ पार्षदों के लिए महेश राजपूत, लवलीन आनंद, कमलेश अग्रवाल, रेनू कोरी, श्रीमति निशा राठौर जैसे नाम चर्चाओं में थे। लेकिन इन पांचों वरिष्ठ पार्षदों को एमआईसी में शामिल नहीं किया गया, जिससे राजनीति गरमा रही है। विपक्ष चुटकी ले रहा है तो सत्ता पक्ष में सनाका खिचा हुआ है। हर कोई समझ रहा है कि किसके बैरियर से एमआईसी में जाने का रास्ता रुका है। दरअसल विधानसभा चुनाव के दौरान पार्षदों के नाजनखरे उठाने वालें प्रत्याशियों ने उस वक्त तो किसी तरह हाथ पैर जोड़कर अपना काम निकलवा लिया था अब विधायक बनते ही सियासी अदावत सामने आने लगी है। जिस तरह अंदर ही अंदर चुनाव में कांटे बिछाए गए थे अब एमआईसी की राह में जिम्मेदारो ने कांटे बिछा दिए है। कहा तो जा रहा है कि बजट की तकनीकी मजबूरी के कारण एमआईसी गठन की मजबूरी थी वरना नगर सत्ता का गठन लोक सभा चुनाव के बाद ही होता। आश्चर्य की बात यह है कि अभी जो 5 सदस्य शामिल किए गए है। उनमें पनागर विधानसभा क्षेत्र के ड़ॉ ऐपीजे अब्दुल कलाम वार्ड से सुभाष तिवारी, पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मदनमोहन मालवीय वार्ड से रामसोनकर, केंट विधानसभा के चंद्रशेखर आजाद वार्ड से दामोदर सोनी, और मध्यविधानसभा क्षेत्र के जवाहरगंज वार्ड से रजनी कैलाश साहू और कमलानेहरु वार्ड से अंशुल राघवेंद्र यादव को एमआईसी में शामिल किया गया। पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से अभी किसी को शामिल नहीं किया जाना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है। सूत्रों की माने तो प्रत्येक शहरी विधानसभा क्षेत्र से दो-दो सदस्यों को शामिल किया जाना है। जबकि पनागर से एक सदस्य लिया जाना है। इस लिहाज से अभी केंट और पूर्व विधानसभा को एक-एक सदस्य मिल सकता है। बाकी के तीन सदस्य पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से शामिल किए जायेंगे। अभी एमआईसी में एससी और एसटी कोटे के सदस्यों को लिया जाना है। बहरहाल यह कहा जा रहा है कि आनन फानन में बनाई गई सबसे छोटी एमआईसी का उद्देश्य नए वित्तीय वर्ष के बजट को एमआईसी में पारित कराने की मजबूरी थी और नई एमआईसी ने मंगलवार को वर्ष 2024-25 के अनुमानित बजट को पारित कर सदन के लिए अग्रेसित कर दिया। सूत्रों की माने तो एमआईसी का विस्तार लोक सभा चुनाव के बाद ही होगा। तब तक वरिष्ठ पार्षदों की सहनशीलता और उनके कामों के प्रदर्शन का आंकलन किया जाएगा। यह भी तय है कि जो एमआईसी सदस्य बन गए है फिलहाल अभी तो नहीं हटाया जाएगा, विभाग जरुर बदले जा सकते है।

### जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा स्टेशन परिसर

# अयोध्या रवाना हुई तीसरी आस्था स्पेशल ट्रेन

जबलपुर।

प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। इस बीच जबलपुर से डेढ़ हजार श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या के लिए तीसरी आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन को लोक निर्माण मंत्री मध्यप्रदेश राकेश सिंह,भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू,लोकसभा भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश भाजपा मंत्री आशीष दुबे,उत्तर मध्य विधायक डॉ अभिलाष पांडे,नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




### यात्रियों के लिए की गई है पूर्ण व्यवस्थाः प्रभात साहू

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया इस बार जबलपुर के 1008 एवं गाडरवारा के 470 श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु भेजा जा रहा है. 22 डिब्बों की ट्रेन में 20 डिब्बों में यात्रियों की व्यवस्था है,यात्रियों के लिए आना-जाना, खाना और अयोध्या में ठहरने का इंतजाम भी किया गया है। ट्रेन में बैठने से पहले सभी यात्रियों को चाय-नाश्ते का इंतजाम रहेगा।

### लोगों की पहली पसंद बन रहा अयोध्या : राकेश सिंह

इस मौके पर केबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि अयोध्या अब देश ही नहीं विदेशियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। श्रीराम के प्रति आस्था को लेकर लोग दिल खोलकर अयोध्या जा रहे हैं और दान भी कर रहे हैं। केंद्र सरकार की पहल पर विशेष आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं।

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू यात्रा प्रभारी राजेश द्विवेदी अनिल विश्वकर्मा, रामानुज तिवारी,रंजीत पटेल,चित्रकान्त शर्मा, रंजीत सिंह,आशीष पटेल,नंदन दुबे,अंकित द्विवेदी,मनीष कुरारिया,अशोक रजक,रवि साहू शुभम अवस्थी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## टीवी की रोकथाम

# जबलपुर सहित 26 जिलों में चलेगा एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान

### जबलपुर में 7 मार्च को लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह करेंगे अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** जबलपुर सहित प्रदेश के 26 जिलों में टीबी की रोकथाम हेतु पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत टीबी की रोकथाम के लिए 18 साल से अधिक उम्र वालों को बीसीजी का टीका लगाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि जबलपुर जिले में इस अभियान की शुरुआत 7 मार्च को होगी। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत करेंगे। अभियान की सफलता के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि बीसीजी वैक्सीनेशन के लिए पात्र व्यक्तियों को एएनएम के द्वारा टीबी विन पोर्टल में अपना प्री-रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यह टीका मंगलवार और शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह के शेष दिनों में लगाया जायेगा। जिला क्षय एवं एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ संतोष ठाकुर ने बताया कि एडल्ट बीसीजी का टीका 6 केटेगरी में आने वाले लोगों को लगाया जायेगा। इन श्रेणियों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे सभी व्यक्ति जो गंभीर बीमारी से पीड़ित न हो, 18 साल की उम्र से अधिक ऐसे व्यक्ति जिनका बीएमआई 18 से कम है, ऐसे टीबी के पीड़ित जिनका उपचार 5 साल पहले खत्म हो चुका है, 18 वर्ष से अधिक उम्र के वे व्यक्ति जो डायबिटीक है, 18 साल की उम्र से अधिक वाले ऐसे व्यक्ति जो स्मोकर है तथा 18 साल से अधिक उम्र वाले ऐसे व्यक्ति जो कि पिछले 3 साल के दौरान टीबी मरीज के संपर्क में आये हों, शामिल रहेंगे।

## विधायक इंदु तिवारी ने किया व्यासपीठ का पूजन

# अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत



**पनागर।** अहंकार विनाश का कारण है भागवत कथा मनुष्य को अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है। ऐसे में सभी को इसे रुचि के साथ सुनकर समझने व अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। यह बात ग्राम पंचायत उमरिया चौबे मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में कथावक्ता पंडित सतेंद्र कृष्ण जी महाराज ने कही भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए कथा में व्यास जी ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है। भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है। उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। इस न दौरान कथा श्रोता रामकुमार तिवारी, आलोक उपाध्याय, अतुल उपाध्याय, विपिन सेन, नारायण बर्मन, संजय खरे, प्रबल उपाध्याय, प्रियम पटेल, आशु पटेल सहित अनेक जनों ने व्यासपीठ की पूजन करते हुए श्रीमद् भागवत कथा में मैया जी की आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्तिथि रही।



# चंचलाबाई पटेल महिला महाविद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**जबलपुर।** चंचल बाई पटेल महिला महाविद्यालय मैं वार्षिक स्नेह सम्मेलन पुरस्कार वितरण एवं पत्रिका विमोचन का कार्यक्रम प्रोफेसर एच वी पालन विभाग अध्यक्ष भरत तिवारी श्रीमती गीता शरद तिवारी डॉक्टर पंकज शुक्ला जैन महिला महासमिति संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती प्रीति पाली जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शैक्षणिक सत्र के दौरान विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक रचनात्मक एवं गतिशीलता को प्रखर रूप में बनाने के लिए महाविद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लेकर के अपने कौशल का परिचय कराया सांस्कृतिक साहित्यिक क्रीडा राष्ट्रीय सेवा योजना मतदाता दिवस रंगोली और अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर वर्ष भर गतिविधियों में भाग लेकर चयनित विधाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मैनिक्कार्णिका नाटक नृत्य प्रस्तुति कर सन 1857 की क्रांति को महारानी लक्ष्मीबाई के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी गई।



## गारंटी वाली सरकार में विकास के नए आयाम होंगे स्थापितः विधायक बरकड़े

**सिहोरा।** प्रदेश में डबल इंजन वाली भाजपा की गारंटी वाली सरकार के चलते सिहोरा में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे उक्ताशय के विचार सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में खितौला तिराहा के पास पार्क विकास निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किया नगर पालिका के तत्वाधान में विधायक संतोष बरकडे के मुख्य आतिथ्य,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता एंव जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस ने सभी अतिथियों के स्वागत किया। करीब 1 हेक्टेयर में 49.95 लाख की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण का पूजा अर्चना के बाद भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अनुपम सराफ,नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, शिशिर पांडे, पार्षद अजय बेटू शर्मा, राजेश चौबे, रीता शुक्ला, मालती दाहिया, रमेश पटेल, प्रमोद चौधरी, ममता गोटिया, सारिका साहू, सोनाली साहू, वर्षा ठाकुर, कृष्णा सरावगी, रश्मि सेठी, प्रवीण कुररिया, साधना साहू, विजय श्रीपाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल, सरपंच के के दुबे, सुनील चक्रवर्ती, सुप्पी बर्मन, राजेश कुररिया, मयंक जैन, सीएमओ लक्ष्मण सिंह सारस, इंजीनियर आर पी शुक्ला शैलेन्द्र दुबे,ठेकेदार अतुल जैन,अखिल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सिहोरा जिला बनाने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन आज

**सिहोरा।** विधानसभा चुनाव से पूर्व सिहोरा जिला बनाए जाने के संबंध में भाजपा के दिग्गज नेताओं से मिले आश्वासन पर होते विलंब को लेकर सिहोरा विधायक और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन आज 6 मार्च को सौंपा जावेगा। लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति ने सभी सिहोरा वासियों से दोपहर 3 बजे एस डी एम कार्यालय सिहोरा पहुंचने की अपील की है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व सिहोरा को जिला बनाए जाने की उठ रही मांग का समर्थन करते हुए भाजपा के दिग्गज नेताओं प्रहलाद पटेल, स्मृति ईरानी और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिहोरा को जिला बनाने का आश्वासन दिया था परंतु सिहोरा जिला के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया गया है।

## पूर्व वित्त मंत्री के कार्यालय में पत्थर मारकर कांच तोड़ा




**जबलपुर।** पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट के गोरखपुर स्थित भनोट हाउस में बने कार्यालय में किसी मानसिक विक्षिप्त या शराबी ने पत्थर मारकर कार्यालय का कांच तोड़ दिया, जो सीसीटीव्ही कैमरे में दिखाई दे रहा है। सीसीटीव्ही फुटेज में ऐसा दिख रहा है कि वह या तो मानसिक विक्षिप्त है या फिर शराबी है। बहरहाल पत्थरबाजी से कार्यालय के खिड़की के कांच टूटने के बाद पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। गोरखपुर थाना प्रभारी एमडी नागौतिया ने बताया कि गोरखपुर थाने के सामने स्थित भनोट हाउस में देर रात किसी अज्ञात व्य्ति ने कार्यालय की खिड़की का कांच तोड़ दिया। इस मामले की जांच शुरू कर सीसीटीव्ही कैमरे की मदद से की जा रही है। ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि किसी शरारती तत्व द्वारा खिड़कियों एवं दरवाजों के कांच तोड़े गए हैं। बहरहाल पुलिस की जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया है। लेकिन चेहरा ठीक से नजर नहीं आ रहा है। लिहाजा अन्य कैमरों के फुटेज एकत्रित किए जा रहे हैं।

### दो सूने मकानों के ताले तोड़कर वारदात

# लाखों के जेवर और नगदी ले भागे चोर

**जबलपुर।** भेड़ाघाट और अधारताल थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई है। अज्ञात चोर दो सूने मकानों का ताला तोड़कर सोने चांदी के लाखों के जेवर और नगदी रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिलुआ निवासी 38 वर्षीय नारायण प्रसाद चौधरी मनियारी का काम करता है। गत सुबह 10.30 बजे घर पर ताला लगाकर मनियारी का सामान अपनी टीव्हीएस एक्सल मोपेड में रखकर फेरी लगाने लुहारी गांव गया था और घर की चाबी रोजाना की तरह कोटवार मोतीलाल को दे दिया था। उसका लड़का आर्यन एवं अंश स्कूल से दोपहर लगभग 3 बजे घर आए तो देखे कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था। उसके बेटों ने उसे चोरी की सूचना दी वह घर पहुंचा तो अंदर रखी अलमारी में रखे रुपए, सोने का पेंडल, 2 छोटे पेंडल, झुमकी, बच्चों के 2 लॉकेट, पंचाली, अंगूठी, चांदी की दो जोड़ी पायल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।



### पड़ोसी ने दी चोरी की सूचना

इसी तरह अधारताल अंबेडकर कालोनी निवासी सलीम खान अपने परिवार के साथ गत 3 मार्च को घर पर ताला लगाकर अजमेर घूमने गया था। घर के मेन दरवाजे पर एक छोटा सा ताला लगा था तो सलीम के पड़ोसी शब्बीर खान ने रात लगभग 11 बजे अपने घर का बड़ा ताला, उसके घर के मेन दरवाजे पर लगा दिया। दूसरे दिन वह सलीम के घर गया तो देखा कि मेन दरवाजे में लगे दोनों ताले टूटे थे और घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। उसने फोन पर सलीम को चोरी की सूचना दी। सलीम ने फोन पर बताया कि कुछ पैसे और जेवर रखे, जब शब्बीर ने चैक किया तो पैसे और जेवर नहीं मिले। चोरी गए सामान की जानकारी सलीम के आने पर ही पता चल पायेगी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 454, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## कार की टक्कर से बाईक सवार दो घायल

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत ग्राम निगरी पेट्रोल पंप के मोड़ के पास एक कार ने एक बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। घायल युवकों को उनके दोस्तों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रानगर गुप्तेश्वर गोरखपुर निवासी 29 वर्षीय अतुल कोरी, विजेंद्र वावरिया, पवन पटेल और कौशल चौरसिया चारों गत दिवस दो बाईकों से बरगी डेम घूमकर वापस जा रहे थे। रात लगभग 8 बजे ग्राम निगरी पेट्रोल पंप मोड़ के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 15 बीए 2684 के चालक ने पवन पटेल की बाईक में टक्कर मार दी।



## जमदग्नी इलेवन ने देवजी इलेवन को हराया

**पनागर।** रानीताल में हो रहे ब्राह्मण प्रीमियर लीग में पनागर के युवा ब्राह्मणों की टीम श्री जमदग्नी इलेवन के कप्तान आशीष पांडेय की शानदार कप्तानी वा सभी टीम के खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से टीम देवजी इलेवन को हरा कर विजयी हुए टीम मैंन ऑफ़ दा मैच विवेक व्यास छोटू रहे जिन्होंने शानदार बोलिंग कर के टीम को चलता किया एवं मैच को अपने पक्ष में किया टीम में शुभम तिवारी,रोहित गौतम,अमित गौतम,हर्ष पांडेय,आयुष व्यास, बेटू व्यास,सोमू गौतम,शिवनेश प्यासी,अंकित तिवारी,सूरज तिवारी,विकास शर्मा,पुष्पेंद्र दूबे रहे जीत के बाद टीम कोच ऋतुराज तिवारी ने बीपीएल के संयोजको का आभार व्यक्त किया।

### चोरी की वारदात सीसीटीव्ही में कैद

# घर के बाहर खड़ी एक्सिस ताला तोड़कर ले गए चोर



**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत लालमाटी क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी एक टू व्हीलर गाड़ी को अज्ञात चोरों की गैंग आधी रात के वक्त चोरी कर ले गए। पूरी वारदात पास में लगे एक सीसीटीव्ही कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें तीन लड़के बाईक में आते है और उसमे से एक उतरकर एक्सिस वाहन के पास आता है और बंद गाड़ी को पैर से सरकाते हुए ले जाता है। घटना सुबह 4 बजे के आसपास की बताई गई है। इस मामले में घमापुर थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए लाल माटी क्षेत्र निवासी ऋषि ठाकुर ने बताया कि वे रात के वक्त अपनी एक्सिस गाड़ी को घर के बाहर लॉक करके अंदर चले गए थे। आज सुबह 5 मार्च को जब उन्होंने उठकर देखा तो गाड़ी वहां खड़ी हुई नहीं मिली।

ऋषि ठाकुर के मुताबिक उन्होंने अपनी गाड़ी को आसपास काफी तलाश की, परंतु वह नहीं मिली। उसके बाद उन्होंने पास में ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में देखा तो सुबह लगभग 4 बजे के वक्त तीन युवक उनकी एक्सेस गाड़ी के पास आते हुए दिखे। जिनमे से एक ने उतरकर उनकी गाड़ी का लॉक तोड़ा और पैदल लुढ़काते हुए आगे ले गया। इस दौरान उसके अन्य दो साथी बाइक में बैठकर रैकी कर रहे थे।

सीसीटीवी कैमरा देखकर ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों ने पहले तो गाड़ी का लॉक तोड़ा, फिर उसे अपने बाइक सवार साथियों के साथ टोचन करते हुए आगे ले गए। बहरहाल घमापुर थाने की पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## जिला अस्पतालों को निजी हाथों में सौंपने का विरोध

**जबलपुर।** "जिला अस्पतालों को निजी समूहों को सौंप कर पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी.) मोड पर वहां मेडीकल कॉलेजों की स्थापना की जाएगी। इस निर्णय से राज्य सरकार ने जन स्वास्थ्य सेवाओं का घोर निजीकरण करने का रास्ता खोला है। वैसे भी वर्तमान में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में चरमरा रही है, और अब जिला अस्पतालों में निजी समूह प्रवेश करेंगे तो आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के मरीजों को मिलने वाली मुफ्त या सस्ती चिकित्सा सेवाओं का भी व्यापारीकरण (कमार्शियलाजेशन) हो जाएगा। इससे गरीब मरीजों के लिए भी सस्ता इलाज पाना मुश्किल होगा। हरेक जिले में स्थापित जिला अस्पताल सिस्टम को मेडीकल कॉलेज के रुप में ढालने से यह जिला अस्पताल तहस नहस होने की आशंका है। उनको तोड़ने की जगह उन्हें और मजबूत करने के कदम उठाए जाने की मांग की गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के टी.रामघटक, डीके सिंह, पेंशनर समाज के पीएस राजपूत, डीआर लखेरा, महिला समिति की सुशीला कनौजिया, माया कुशवाहा, डिप्लोमा इंजीनियर संघ के आरपी चौबे, जीपी विश्वकर्मा, किसान समिति के राजेश गिदरोनिया ने शासन के निर्णय का विरोध कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### डांस करने पर विवाद, भगदड़ मची

# बारात में चाकू चलने से एक युवक गंभीर

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत शुक्ला होटल के पास आयोजित एक विवाह समारोह में उस वक्त भगदड़ मच गई, जब एक बदमाश ने बारात में बारात में डांस कर रहे युवक के साथ दुर्व्यवहार किया और महिलाओं के बीच डांस करने लगा, मना किया तो उसने चाकू चला दी, जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी ध्रुव नामक बदमाश मौके से फरार हो गया। इस हमलें में प्रीतम नाम के युवक के गले में गंभीर चोट आई है उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।



घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्हीएफजे रोड रामनगर निवासी 28 वर्षीय प्रीतम ठाकुर अपने दोस्त के भाई राहुल की बारात में शुक्ला होटल घमापुर आया था. प्रीतम सहित सभी दोस्त बारात में डांस कर रहे थे. दूसरी ओर महिलाएं व युवतियां भी डांस कर रही थी. इस दौरान ध्रुव गुप्ता भी डांस करते हुए महिलाओं की ओर पहुंच गया. जिसे प्रीतम ने समझाते हुए किनारे कर दिया. उस वक्त तो ध्रुव गुप्ता दूसरी ओर चला गया, लेकिन प्रीतम की तलाश में जुटा रहा, देर रात उसे पता चला कि प्रीतम अपने दोस्तों के साथ पंडाल के पीछे बैठा है. ध्रुव पूछताछ करते हुए पहुंचा और प्रीतम पर चाकुओं से हमला कर दिया. हमले में प्रीतम के गले में चोट आई और वह गंभीर रुप से आहत हो गया। बारात में भगदड़ मच गई। आनन फानन में प्रीतम को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कर लिया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**श्रीमती सविता अरोरा-** इंद्रपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री राजेंद्र अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती सविता अरोरा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राजबाला सिंह-** आईटीआई चुंगीनाका माढ़ोताल निवासी श्री नन्हें सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती राजबाला सिंह (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नवनीत कौर चाना-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री करनैल सिंह चाना की धर्मपत्नी श्रीमती नवनीत कौर चाना (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती जयंती देवी विश्वकर्मा-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री घनश्याम प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती देवी विश्वकर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुखबरिया बाई चौधरी-** बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री जमुना प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुखबरिया बाई चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार लखेरा-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार लखेरा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जीरन बाई-** फकीरचंद का अखाड़ा, सिद्धबाबा रोड निवासी श्री आशाराम महार की धर्मपत्नी श्रीमती जीरन बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कोमल प्रसाद तिवारी-** गली नं. 5, त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री कोमल प्रसाद तिवारी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई पटेल-** महावीर कॉलोनी कैलाशपुरी गुप्तेवर निवासी श्री रामनाथ पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगन लोधी-** तुलाराम चौक के निकट निवासी श्री जगन




लोधी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती समुंद्री बाई चक्रवर्ती-** हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री जानी चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती समुंद्री बाई चक्रवर्ती (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोमती बाई ठाकुर-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री आदित्य कुमार ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई ठाकुर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पंचू चक्रवर्ती-** सेठीनगर कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री मिल्कूलाल चक्रवर्ती के पुत्र श्री पंचू चक्रवर्ती (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई-** रामनगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री गिन्नी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप सोंधिया-** पूर्वी करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री छोटे लाल सोंधिया के पुत्र श्री दिलीप सोंधिया (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश कुलसेजा-** होम साइंस कॉलेज रोड निवासी श्री महेश कुलसेजा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री लालमन चौधरी के पुत्र श्री अशोक कुमार चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### एप्पल पर लगा दो अरब बिलियन डॉलर का जुर्माना

**लंदन।** यूरोपीय संघ ने एप्पल के खिलाफ लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर का प्रतिस्पर्धारोधी जुर्माना लगाया। अमेरिकी कंपनी पर दूसरे प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले अपनी संगीत स्ट्रीमिंग सेवा को गलत तरीके से बढ़ावा देने के लिए जुर्माना लगाया गया। यूरोप के 27 देशों के संगठन की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने कहा कि एप्पल ने ऐप डेवलपर को उपयोगकर्ताओं को यह बताने से रोका कि वे आईओएस ऐप के जरिए भुगतान करने की जगह सस्ते संगीत के लिए कहां भुगतान कर सकते हैं।

### स्पाइसजेट ने 1.12 करोड़ डॉलर का विवाद निपटाया

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने 1.12




करोड़ डॉलर की राशि से जुड़े विवाद में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ समझौता कर लिया है। एयरलाइन ने कहा कि इस विवाद निपटान समझौते के तहत बिना किसी अतिरिक्त लागत के एयरफ्रेम और इंजन के हस्तांतरण से उसे लाभ होगा।

### अद्यतन आईटीआर 31 मार्च तक करे दाखिल


**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि जिन करदाताओं के मामले ई-सत्यापन योजना के तहत




चिह्नित किए गए हैं, वे आकलन वर्ष 2021-22 के लिए अद्यतन आयकर रिटर्न 31 मार्च तक दाखिल कर सकते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2021-22 (वित्त वर्ष 2020-21) के लिए दाखिल कुछ आईटीआर में दर्ज वित्तीय लेनदेन की जानकारी और विभाग के पास उपलब्ध जानकारी के बीच अंतर है।

### सिंगापुर ने विदेशी कामगारों के लिए वेतन बढ़ाया

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने विदेशी कामगारों को जारी किए जाने वाले रोजगार पास (ईपी) के लिए न्यूनतम योग्यता मासिक वेतन को



5000 सिंगापुर डॉलर से बढ़ाकर 5,600 सिंगापुर डॉलर कर दिया है। बढ़ा हुआ वेतन एक जनवरी, 2025 से लागू होगा। वित्तीय सेवाओं में काम करने वालों के लिए न्यूनतम वेतन 5,500 सिंगापुर डॉलर से बढ़ाकर 6,200 सिंगापुर डॉलर कर दिया गया है।

### एक्सिकॉम पहले दिन 61 प्रतिशत बढ़कर बंद

**नई दिल्ली।** ईवी चार्जर बनाने वाली कंपनी एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का शेयर मंगलवार को पहले कारोबारी दिन



अपने निर्गम मूल्य 142 रुपये के मुकाबले करीब 61 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। कंपनी के शेयर बीएसई पर 85.91 प्रतिशत बढ़कर 264 रुपये पर सूचीबद्ध हुए। बाद में शेयर 93.27 प्रतिशत बढ़कर 274.45 रुपये पर पहुंच गए।

### आईईएक्स पर फरवरी में ऊर्जा कारोबार बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय ऊर्जा बाजार (आईईएक्स) ने सोमवार को बताया कि उसके मंच पर फरवरी में




सकल ऊर्जा कारोबार सालाना आधार पर 15.4 प्रतिशत बढ़कर 946.2 करोड़ यूनिट हो गया। आईईएक्स ने एक बयान में कहा कि फरवरी 2024 के दौरान एक दिन बाद की खरीद में औसत बाजार कीमत 4.93 रुपये प्रति यूनिट थी।

# एक अप्रैल को एक हो जाएंगे फिनकेयर व एयू स्मॉल बैंक, मिली मर्जर की मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के विलय को मंजूरी दे दी है। इसके बाद एक अप्रैल, 2024 से फिनकेयर की सभी ब्रांच एयू एसएफबी के नाम से काम करेंगी।इस फैसले से प्राइवेट सेक्टर के एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की स्थिति और मजबूत हो जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 30 अक्टूबर, 2023 को फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ मर्जर का ऐलान किया था। बैंक ने बताया था कि शेयरहोल्डर्स से मंजूरी मिलने के बाद आरबीआई और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से नियामकीय इजाजत के लिए प्रयास किया जाएगा। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि फिनकेयर के प्रमोटर्स लगभग 700 करोड़ रुपये की पूंजी इस मर्जर के बाद लगाएंगे। सौदे के तहत गैर लिस्टेड फिनकेयर के शेयरहोल्डर्स को उनके प्रत्येक 2000 शेयरों के बदले लिस्टेड एयू एसएफबी के 579 शेयर मिलेंगे।

## फैसले से निजी क्षेत्र के एयू स्मॉल बैंक की स्थिति मजबूत हो जाएगी

### प्रतिस्पर्धा आयोग से 23 जनवरी को मिली थी मंजूरी

दोनों बैंकों के मर्जर के बाद फिनकेयर एसएफबी के एमडी और सीईओ राजीव यादव एयू एसएफबी के डिप्टी सीईओ बनेंगे। साथ ही फिनकेयर एसएफबी के बोर्ड की डायरेक्टर दिव्या सहगल एयू एसएफबी के बोर्ड को ज्वॉइन करेंगी। इन दोनों बैंक के मर्जर को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी इसी साल 23 जनवरी को मिली थी। एयू एसएफबी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी थी।




### आईआईएफएल फाइनेंस पर गोल्ड लोन बांटने की रोक

एक अन्य फैसले में आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस पर गोल्ड लोन बांटने की रोक लगा दी थी। केंद्रीय बैंक ने यह कार्रवाई मटेरियल सुपरवाइजरी चिंताओं के चलते की है। हालांकि, कंपनी अपने मौजूदा गोल्ड लोन पोर्टफोलियो को सेवा देती रहेगी।

### उछाल के साथ बंद हुए थे शेयर

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की एसेट क्वालिटी दिसंबर तिमाही के दौरान गिरी थी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक का कुल एनपीए 1.98 फीसदी रहा था। बैंक का शुद्ध लाभ भी अनुमानों से कम 375 करोड़ रुपए रहा था। सोमवार को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर 0.26 फीसदी उछलकर 579.50 रुपये पर बंद हुए थे।

## सरकारी प्रतिभूतियां अगले साल 31 जनवरी को करेगा शामिल

# ब्लूमबर्ग के सूचकांक में शामिल होगा भारतीय बांड, कर्ज की लागत होगी कम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्लूमबर्ग ने मंगलवार को भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों को अपने उभरते बाजार स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक और संबंधित सूचकांकों में अगले साल 31 जनवरी से शामिल किये जाने की घोषणा की। इस पहल से देश के बांड बाजार में विदेशी निवेश बढ़ेगा और सरकार के लिए कर्ज की लागत में कमी आएगी। पिछले साल सितंबर में जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार बांड सूचकांक में भारतीय बांड को शामिल किये जाने की घोषणा के बाद से ब्लूमबर्ग ईएम इंडेक्स में भारतीय बांड को शामिल करने की चर्चा चल रही थी।

### बिना किसी सीमा के निवेश की होगी अनुमति

ब्लूमबर्ग ने बयान में कहा कि भारतीय एफएआर (पूर्ण पहुंच वाला मार्ग) बांड को 31 जनवरी, 2025 को उनके बाजार मूल्य के 10 प्रतिशत के शुरुआती भारांश के साथ ब्लूमबर्ग उभरते बाजार (ईएम) स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक में शामिल किया जाएगा। पूर्ण पहुंच वाला मार्ग के तहत पात्र प्रवासी निवेशकों को सरकारी बांड में बिना किसी सीमा के निवेश की अनुमति होती है।

- पहल से देश के बांड बाजार में विदेशी निवेश बढ़ेगा
- सरकार के लिए कर्ज के लागत में कमी आएगी
- पिछले साल सितंबर में जेपी मॉर्गन ने भारतीय बांड शामिल किए थे




### बांड भारांश 10 फीसदी बढ़ाया जाएगा

*इसमें कहा गया है कि हर महीने एफएआर बांड के भारांश को 10-10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। इस लिहाज से अक्टूबर, 2025 यानी 10 माह में बांड का भारांश पूर्ण बाजार मूल्य के अनुरूप होगा। शामिल किये जाने की गुंजाइश वाले सूचकांकों में ब्लूमबर्ग ईएम स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक, ब्लूमबर्ग ईएम स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक 10 पर्सेन्ट कंट्री कैप्ड इंडेक्स और सभी संबंधित उप-सूचकांक शामिल हैं।*

### भारत तीसरा बड़ा देश होने की उम्मीद

*एक बार 'ब्लूमबर्ग इमर्जिंग मार्केट 10 पर्सेन्ट कंट्री कैप्ड इंडेक्स' में पूरी तरह से शामिल हो जाने के बाद भारत के चीन और दक्षिण कोरिया दोनों के साथ 10 प्रतिशत कैप तक पहुंचने वाले बाजारों में शामिल होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि सूचकांक के बाजार पूंजीकरण भारांश संस्करण के भीतर, चीन और दक्षिण कोरिया के बाद भारत के तीसरा सबसे बड़ा देश होने की उम्मीद है।*

### 34 भारतीय प्रतिभूतियां शामिल होगी

*बयान के अनुसार, 31 जनवरी, 2024 तक के आंकड़ों का उपयोग करते हुए, सूचकांक में 34 भारतीय प्रतिभूतियां शामिल होंगी। ये बाजार मूल्य-भारांश आधार पर 6,180 अरब डॉलर के सूचकांक का 7.26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करेंगी।*

### भारत का महत्व बढ़ेगा

*ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर ब्लूमबर्ग ने कहा, 'यह भारत के वित्तीय बाजारों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में भारत का लगातार उभरना इस दशक की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधियों में से एक है और ब्लूमबर्ग अधिक निवेशकों को भारत से जोड़कर इसे मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### वैश्विक निवेशकों की पहुंच बढ़ेगी

*ब्लूमबर्ग इंडेक्स सर्विसेज लि. (बीआईएसएल) के वैश्विक प्रमुख (फिक्स्ड इनकम इंडेक्स प्रोडक्ट) निक जेंडरॉन ने कहा, '...इस कदम से वैश्विक निवेशकों की भारतीय बाजारों तक पहुंच और भागीदारी बढ़ेगी।' ब्लूमबर्ग ईएम स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक में भारत एफएआर बांड को शामिल करने का निर्णय बाजार प्रतिभागियों और विभिन्न संबंधित पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श बाद लिया गया है।*

# सोना 65,000 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 800 रुपये के उछाल के साथ 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह सोने का नया रिकॉर्ड स्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 900 रुपये के उछाल के साथ 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 800 रुपये की तेजी को दर्शाता है। गांधी ने कहा, 'घरेलू बाजारों में, हाजिर सोना मंगलवार को 65,000 रुपये के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।' अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,110 डॉलर प्रति औंस हो गया, जो पिछले बंद भाव से एक प्रतिशत से अधिक तेजी है। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्क्ष, जतीन त्रिवेदी ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा जून में ब्याज दरों में कटौती की अटकलें बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। इस प्रकार पिछले तीन दिन में एमसीएक्स में 2,400 रुपये से अधिक की बढ़त देखी गई।

- सोना 800 रुपए चढ़कर 65,000 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी भी 900 रुपए मजबूत

### चांदी 23.88 डॉलर प्रति औंस

चांदी भी मजबूती के साथ 23.88 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबार में यह 23.09 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

# फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों में सिर्फ 1.6% की कमान महिलाओं के पास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



फॉर्च्यून इंडिया 500 में शामिल सिर्फ 1.6 प्रतिशत कंपनियों की ही कमान महिलाओं के पास है, जबकि फॉर्च्यून इंडिया नेक्स्ट 500 कंपनियों के मामले में यह आंकड़ा पांच प्रतिशत है। फॉर्च्यून इंडिया और एसपी जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के एक अध्ययन में यह आंकड़ा सामने आया है। यह संयुक्त अध्ययन भारतीय उद्योगों के भीतर नेतृत्व वाली भूमिकाओं में महिला-पुरुष विभेद पर रोशनी डालता है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित इस अध्ययन में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु में आयोजित 16 गोलमेज बैठकों के दौरान 130 उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए। इन मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) में 54 प्रतिशत महिला और 46 प्रतिशत पुरुष थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को इस अध्ययन के निष्कर्षों को जारी किया। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन उद्योग द्वारा कंपनियों के भीतर लैंगिक असमानता की स्वीकार्यता और करियर विकास के अवसरों को रेखांकित करता है। अध्ययन से पता चलता है कि फॉर्च्यून इंडिया 500 सूची में शामिल कंपनियों में से केवल 1.6 प्रतिशत में ही महिलाएं शीर्ष पर हैं। वहीं द नेक्स्ट 500 की सूची में शामिल कंपनियों में यह आंकड़ा पांच प्रतिशत और फॉर्च्यून इंडिया 1000 कंपनियों के मामले में 3.2 प्रतिशत है। फॉर्च्यून इंडिया कंपनियों के राजस्व के आधार पर भारत की शीर्ष 500 कंपनियों की वार्षिक सूची प्रकाशित करती है। वहीं नेक्स्ट 500 की सूची में वे कंपनियां आती हैं जो राजस्व या अन्य मानदंडों के मामले में शीर्ष 500 की राह पर अग्रसर हैं।

### रिपोर्ट से निकाला एक खास बिंदु

रिपोर्ट से एक खास बिंदु यह निकलता है कि मध्यम प्रबंधन के स्तर तक पहुंचने तक 30-40 प्रतिशत महिला कर्मचारी नौकरियां छोड़ देती हैं। इस समय तक अमूमन उनकी शादी और परिवार हो चुका होता है और बच्चा होने के बाद उनके लिए काम पर लौटना काफी चुनौतीपूर्ण बन जाता है।

# शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी पर विराम

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी सत्रों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 195 अंक के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 22,400 के नीचे आ गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में नुकसान से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 195.16 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,677.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय सेंसेक्स 460.04 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 49.30 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,356.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद घरेलू बाजार आज सीमित दायरे में रहा।

- सेंसेक्स 195 अंक टूटा, निफ्टी 49 अंक लुढ़का
- विदेशी निवेशकों ने की पूंजी निकासी

### लाभ में रहे शेयर

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, सन फार्मा और एनटीपीसी शामिल हैं। टाटा मोटर्स का शेयर 3.52 प्रतिशत मजबूत हुआ। कारोबार के दौरान यह 52 सप्ताह के उच्चस्तर तक चला गया था। कंपनी की अपने यात्री और वाणिज्यिक वाहन कारोबार को दो अलग सूचीबद्ध कंपनियों में करने की घोषणा के बाद शेयर में तेजी आई।

*फिक्की और एनारॉक ने जारी की सर्वे रिपोर्ट*

# अब बड़ा घर खरीदना पसंद कर रहे हैं मकान खरीदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खर्च योग्य आय बढ़ने, कोविड-19 महामारी के बाद घर से काम करने की प्रवृत्ति की वजह से आज मकान खरीदार बड़ा घर खरीदना चाहते हैं। इससे देश में बड़े और लक्जरी घरों की मांग में उल्लेखनीय तेजी आई है। उद्योग मंडल फिक्की और एनारॉक के मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह कहा गया है। सर्वे में यह भी कहा गया है कि निवेशक एक बार फिर देश के आवास बाजार का रुख करने लगे हैं।36 प्रतिशत लोग निवेश के उद्देश्य से घर खरीदना चाहते हैं। फिक्की-एनारॉक उपभोक्ता धारणा सर्वे (दूसरी छमाही 2023) यहां एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इस सर्वे के मुताबिक, संभावित घर खरीदार बड़ा घर खरीदने पर विचार कर रहे हैं और नई परियोजनाओं में भी फ्लैट खरीदने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। फिक्की की रियल एस्टेट समिति के चेयरमैन राज मेंडा ने कहा, 'खर्च योग्य आमदनी बढ़ने, कोविड-19 महामारी के बाद घर से काम करने की प्रवृत्ति की वजह से आज खरीदार बड़ा घर खरीदना चाहते हैं। इससे देश में बड़े और लक्जरी घरों की मांग में उल्लेखनीय तेजी आई है। इसके अलावा अब लोग किराये के घर में रहने के बजाय घर का स्वामित्व चाहते हैं।'सर्वे के प्रमुख निष्कर्षों के बारे में जानकारी देते हुए रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि बढ़ती कीमतों के बावजूद बड़े घरों की मांग अब भी मजबूत बनी हुई है। लगभग 50 प्रतिशत लोग तीन बेडरूम वाला घर खरीदना चाहते हैं।

- देश में बड़े और लक्जरी घरों की मांग में आई तेजी



### घर खरीदारों के बीच भरोसा बढ़ा

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव के पीछे एक प्राथमिक कारण बड़े और सूचीबद्ध डेवलपरों से नई परियोजनाओं की आपूर्ति में बढ़ोतरी है। स्थापित डेवलपरों ने समय पर परियोजना की आपूर्ति कर संभावित घर खरीदारों के बीच भरोसा कायम किया है। इस सर्वे में लगभग 5,510 प्रतिभागियों ने ईमेल, वेब लिंक और संदेशों सहित विभिन्न डिजिटल स्रोतों के माध्यम से प्रतिक्रिया दी।

### संपत्तियों की मांग काफी कम हुई

पुरी ने कहा कि बनकर तैयार हो चुकी संपत्तियों की मांग काफी कम हुई है और वरीयता में सबसे निचले स्तर पर है। उन्होंने कहा, '2023 की दूसरी छमाही में, तैयार घरों और नई पेशकश का अनुपात 23:24 है। यह 2020 की पहली छमाही की तुलना में रुझान पूरी तरह बदलने का संकेत देता है। उस समय यह अनुपात 46:18 था।'

## फिक्की व ईवाई ने संयुक्त रिपोर्ट जारी की

# जल्द टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है। देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है।

- एमएंडएम क्षेत्र में 8.1 फीसदी की वृद्धि हुई




### 2023 में टीवी सबसे बड़ा खंड रहा

रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।' हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा।

### 2026 में डिजिटल मीडिया 95,500 करोड़ का होगा

*रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।*

### टेलीविजन क्षेत्र पिछड़ता जा रहा


*फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा, 'डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवतः टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा।'*

### डिजिटल विज्ञापन 13.5 फीसदी बढ़े

*इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना, गेमिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि और उपभोक्ताओं के लिए लागत प्रभावी विकल्पों की उपलब्धता का बढ़ना है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि बेहतर संचालन व्यवस्था के साथ डिजिटल विज्ञापन संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत बढ़कर 84,200 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।*

# आरबीआई ने जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स पर 'अंकुश' लगाए

एजेंसी ⏭ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लिमिटेड पर शेयरों और डिबेंचरों के एवज में किसी भी तरह का वित्तपोषण करने से तत्काल रोक लगा दी जिसमें आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर ऋण की मंजूरी एवं वितरण भी शामिल है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि जेएम फाइनेंशियल सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रिया के जरिये अपने मौजूदा ऋण खातों से जुड़ी गतिविधियां बरकरार रख सकती है। जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स को शेयरों और डिबेंचरों के एवज में किसी भी प्रकार के वित्तपोषण को तत्काल प्रभाव से रोकने और परहेज करने को कहा गया है।

### बहीखातों की सीमित समीक्षा की थी

आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर कंपनी के बहीखातों की सीमित समीक्षा की थी। रिजर्व बैंक ने कहा कि जेएम फाइनेंशियल का एक विशेष ऑडिट पूरा होने और खामियां दूर करने से संबंधित कदमों पर संतुष्टि होने के बाद इन व्यावसायिक प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी।

## चिंतन

# भारत सदैव राष्ट्र रहा भ्रम न फैलाएं नेता

लोकसभा चुनाव से पहले ही विभाजनकारी राजनीति अच्छी बात नहीं है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा का कहना कि 'भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा' सर्वथा गलत है। 21वीं सदी के भारत को सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक रूप से मजबूत करने की जरूरत है और पार्टी व नेता को भारत राष्ट्र के बारे में सोच समझकर बोलना चाहिए। केवल राजनीति के लिए 'कुछ भी' नहीं बोलना चाहिए। ए राजा केंद्र में मंत्री रहे हैं, अभी भी जनप्रतिनिधि हैं, डीएमके को रिप्रजेंट करते हैं, जो एम करुणानिधि की विरासत है, ऐसे में उनसे ये अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वे कोई ऐसा बयान दें, जिनसे लोगों के मन में भ्रम पैदा हो। भारत का इतिहास गरिमामयी, गौरवशाली के साथ-साथ खुरदरा भी रहा है। कभी भारत म्यांमार से अफगानिस्तान तक फैला था। तमाम सांस्कृतिक, भाषायी, क्षेत्रीय, जातीय विविधताओं के बावजूद भारत में अनेक सांस्कृतिक, भाषागत, परंपरागत व धर्मगत सूत्र हैं, जो भारत को एक राष्ट्र के रूप में पिरोते हैं। इतनी विविधताओं के बावजूद भारत हमेशा एकजुट रहा है, यही प्रमाण काफी है। डीएमके नेता ए राजा के वैचारिक मतभेद भाजपा से हो सकते हैं, भाजपा के राजनीतिक विरोध के लिए वे अनेक दूसरे प्रतीक चुन सकते हैं, लेकिन भारत की एकता, अखंडता की भावना पर चोट करना उन्हें शोभा नहीं देता। तमिल संस्कृति हमेशा समावेशी रही है, ऐसे में ए राजा को अपना दायित्व समझना चाहिए। भारत के राष्ट्र होने के लिए उसकी विविधता बाधक नहीं है। राजनीति शास्त्र के किसी सिद्धांत में यह नहीं लिखा है कि राष्ट्र एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति को दर्शाता है, जैसा उन्होंने कहा है। एक राष्ट्र-राज्य का मतलब भूमि, जनसंख्या, संप्रभुता व सरकार जैसी केवल चार चीजें चाहिए। भारत इन सभी मानदंड को पूरा कर रहा है। जिस तरह भाजपा नीत मोदी सरकार तमिल संस्कृति की समावेशिता से भारत के उत्तर क्षेत्र को जोड़ रही है, उससे डीएमके की तमिल अस्मिता के दरकने का भय अगर ए राजा को सता रहा हो, तो यह अनर्गल ही है। भारत की विविध संस्कृति से लोग अवगत होंगे, तो एक दूसरे से लोग सीखेंगे और दूसरी संस्कृति व भाषा के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा। सांस्कृतिक श्रेष्ठता के बजाय संस्कृति का विस्तार अधिक सामाजोपयोगी है। महात्मा गांधी हमेशा सांस्कृतिक दरवाजे खुले रखने की बात कहा करते थे। वोट बैंक के लिए नेताओं राष्ट्र की एकता, अखंडता को कमजोर करने का हक नहीं है। भारतीय उपमहाद्वीप का आशय दक्षिण एशिया के देशों से है, इसमें अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव आदि भौतिक भूभाग हैं। भारत एक राष्ट्र था, है और रहेगा। नेताओं को अपनी भाषा में फैक्ट का समावेश करना चाहिए। भारत एक गौरवशाली राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानो बानो, अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बांध कर हुआ है। 265 ईसापूर्व में मौर्य साम्राज्य की विविधता और सीमा क्षेत्र सबको मालूम है। भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा वैदिक काल से है। अथर्ववेद, विष्णुपुराण, वायुपुराण, भागवतपुराण, महाभारत के भीष्मपर्व, गरुड पुराण, रामायण आदि में भारत को एक राष्ट्र के रूप में निरूपित किया गया है।



सुप्रीम फैसले

रमेश सर्राफ धमोरा

# विधायी शुचिता का पालन जरूरी

> वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। कुछ दिनों पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं, वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।

सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है।

आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद करने की याचिका दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत विशेष छूट हासिल है।



इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। चीफ जस्टिस ने कहा कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। याचिकाकर्ताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था।

दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र ने दरकिनार कर दिया था। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 ( बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है।

कुछ दिनों पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने बड़ा फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार सोनकर को मेयर के तौर पर विजेता घोषित करने का फैसला अवैध है और उसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरे चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने से लोकतांत्रिक सिद्धांत के लिए विनाशकारी होगा, क्योंकि यह सब पीठासीन अधिकारी के मिसकंडक्ट के कारण हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी मसीह ने जानबूझकर आठ बैलेट पेपर को विकृत किया। इसलिये उनके खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए आदेश पारित करते हुए कहा था कि पूर्ण न्याय के लिए हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और चीफ जस्टिस ने बैलेट पेपर और वीडियो का अवलोकन किया और खुद ही परीक्षण किया और पाया है कि वह विकृत नहीं है।


भारत में इस तरह के फैसलों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी। वहीं गलत कार्य करने वालों के मन में भी भय व्याप्त होगा। उन्हें लगेगा कि उनके गलत कार्यों पर कभी भी कार्रवाई कर उन्हें कटघरे में खड़ा किया जा सकता हैं। इसलिये गलत काम करने वाला सौ बार अच्छे बुरे की सोच कर ही अपना कदम उठायेगा।

(लेखक मान्यताप्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु



# राष्ट्रीय नवजागरण के क्रांतिदूत महर्षि दयानन्द

18वीं व 19वीं सदी दुनिया में कई क्रांतियों के लिए जानी जाती है। भारत में मुसलमानों के सैकड़ों सालों के शासन के बाद अंग्रेजों की गुलामी से सारा भारतीय समाज पद्दलित हो हर तरह से विकृत हो चुका था। यह समय समाज सुधार, नव साहित्य निर्माण और राष्ट्र-चेतना के लिए भी जाना जाता है। मजहबी उन्माद जो धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग और जन्मगत जाति व्यवस्थाओं के जरिए खाद-पानी पा रहा था, वह लगातार बढ़ रहा था। इस उन्माद, हिंसा, अंधकार, रूढ़ियों और पाखंडों को रोकने के लिए तमाम समाज सुधारकों ने कोशिशें कीं, लेकिन स्वामी दयानंद ने जिस वेग से आंदोलन चलाया, वह भारतीय समाज और वतन की आजादी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। महर्षि दयानंद ने भारत के हर क्षेत्र में नव निर्माण करने के संकल्प ने अज्ञानता, अविद्या, पाखंड, अंधविश्वास, कुरीतियों और कुप्रथाओं की अनगिनत विद्रूप धाराओं को रोका ही नहीं, बल्कि उनके वजूद को ही खत्म करने की कोशिश की। इससे देश में चारों ओर नवनिर्माण, स्वतंत्रता, नवविमर्श और जनजागरण का सूत्रपात हुआ। महर्षि दयानंद के जरिए आर्यसमाज की स्थापना के 150 वर्ष 2025 में पूरे होंगे। पिछले डेढ़ सौ वर्ष में स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित इस संस्था ने समाज सुधार, नवनिर्माण, वेदों के प्रचार-प्रसार, शोषित, वंचित, असहाय, अशिक्षित और अंधविश्वास-पाखंड में जकड़े मजलूमों को जाग्रत करने में सारी ताकत लगा दी।

स्वामी दयानंद के उद्देश्यों, कार्यों, सुधारों और निर्माण को आर्यसमाज के कार्यों के साथ जोड़े बगैर उनका पूरा मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है। वेदों के भाष्य और वेदों को समाज में फिर से स्थापित और चर्चित करने के कार्य की सराहना तो संस्कृत के विदेशी विद्वान मैक्समूलर ने भी की है। वहीं पर




आर्यसमाज के आंदोलन से गांधी इतने प्रभावित हुए कि उन्हें कहना पड़ा- 'जहां-जहां मैं गुजरता हूं वहां आर्यसमाज पहले ही गुजर चुका होता है।' यह था आर्यसमाज का स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान का असर। लाला लाजपत राय, सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, गेंदा लाल दीक्षित, रानी लक्ष्मी बाई, संत राम बी.ए, पं. गंगा प्रसाद उपाध्याय, अशफाक उल्ला, स्वामी श्रद्धानंद, पं. लेखराम, स्वामी सत्य प्रकाश और ऊधम सिंह जैसे तमाम देशभक्तों और चिंतकों की बलिदान की कहानी दयानंद और आर्यसमाज के रास्ते से गुजरती है। इसी तरह सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सदभाव का रास्ता पहली बार संन्यासी दयानंद सरस्वती ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्र व समाज हितैषी कार्य था।

दयानंद का इस वक्त के सभी सुधारात्मक और बदलाव लाने वाले कार्य महत्त्वपूर्ण और आत्मगौरव को जाग्रत करने वाले थे, लेकिन सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य अतीत के ज्ञान, विद्या, संस्कृति, धर्म व अध्यात्म गौरव को लोगों को बोध कराने का था। श्री अरविंद के शब्दों में दयानंद ने वैदिक ज्ञान के जरिए लोगों को एकाएक झकझोर दिया और लोग चौंक कर उठ खड़े हुए। और वह अतीत का गौरव था वेदों की धारा, जिससे दुनिया भर में ज्ञान का प्रकाश फैला। आर्यसमाज की स्थापना के 150 वर्षों या महर्षि दयानंद के जन्म के 200 वर्ष पर नजर डालने पर यह बात मानने में हमें हिचक नहीं होनी चाहिए कि जो कार्य महर्षि दयानंद ने आर्यसमाज, परोपकारणी सभा और समाज में घूम-घूम कर शास्त्रार्थ, प्रवचन और लेखन के जरिए किए, उसने इतिहास की विद्रूप धारा ही बदल दी और वह नई दिशा की तरफ मुड़ गई।

सुधार और क्रांति के अंतर को समझना होगा। परिवर्तन जब धीरे-धीरे आता है तब सुधार कहलाता है लेकिन जब तेज गति से आता है तब उसे क्रांति कहते हैं। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में दयानंद क्रांति के वेग से आए और उन्होंने हिन्दुत्व के बुद्धिसम्मत रूप को आगे लाकर योरोप के बुद्धिवाद के समक्ष लाकर खड़ा कर दिया। चर्चित फ्रेंच लेखक रोम्यां रोला ने दयानंद के वेगवती क्रांति की आंधी और धधकती वेद ज्ञान की ज्वाला को देखा था। उन पर इनका प्रभाव यह हुआ कि उन्होंने दयानंद के समाज सुधार वाली क्रांति की धारा को उस युग की सबसे प्रबल धारा कहा। वे कहते हैं- दयानंद ने वेद के दरवाजे सारी मानव जाति के लिए खोले। उनके लिए सारी मानव जाति एक ईश्वर की संतान है। दलितों, शोषितों और अछूतों के अधिकारों का उनके जैसा कोई पैरोकार नहीं हुआ। दयानंद ने समाज और राष्ट्र-रूपी पेड़ को हरा भरा ही नहीं किया, बल्कि पेड़ की तरह उगा दिए।

(लेखक संस्कृति वेत्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके।

## ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाता है



संकलित

प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सभी दल लामबन्द

हम गीत वहा के गाते है भारत की बात सुनाते है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनाव सिर पर है। इस बार भाजपा के 400 पार के नारों से सभी दलों की चूल्हे हिल गई है। मोदी की गारंटी को जुमला बताने वाले क्यो भूल जाते हैं कि हमने भी इस देश की सत्ता संभाली है। आपको किसने मना किया था कि विकास नही करना है। मोदी ने विकास किया है तो अब विपक्ष को जुमलेबाजी लग रही है। कांग्रेस और साथी दलों ने देश में बारी बारी अपनी राजनैतिक साझेदारी की है। दुनियाभर में भारत का नाम करने वाली और विकास करने वाली भाजपा पर निशाना इस लिए साधा जा रहा है क्योकि राज करने का उनका वक्त खत्म होता जा रहा है और समय बीत चुका है जो जनता ने उन्हें जीत दिलाकर कुर्सी सौंपी थी। -कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### अनुकरणीय राष्ट्रप्रेम



मातृभूमि की रक्षा में समर्पित भारतीय सशस्त्र बलों के जांबाज जवानों को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपका अदम्य साहस, शौर्य, त्याग, सच्ची निष्ठा, समर्पण और राष्ट्र प्रेम हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### आपका आशीर्वाद



मुझे मेरी दिल्ली की माताओं और बहनों के ढेरों फोन आ रहे हैं और पूछ रही हैं कि महिला सम्मान योजना में कैसे रजिस्टर करना है। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि ये केवल आपके आशीर्वाद और प्रार्थनाओं का नतीजा है।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### समय क्यों मांगा



जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉण्ड का सच जानना देशवासियों का हक़ है, तब एसबीआई क्यों चाहता है कि चुनाव से पहले यह जानकारी सार्वजनिक न हो पाए? एक क्लिक पर निकाली जा सकने वाली जानकारी के लिए समय क्यों मांगा।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### हनुमान जी का ऐसा मंदिर



रामेश्वरम का पंचमुखी हनुमान मंदिर : क्या आप जानते हैं भारत में हनुमानजी का एक ऐसा मंदिर है जहां आज भी मिलते हैं राम सेतु के तैरते हुए पत्थर। हनुमान जी के इस मंदिर के इतिहास की कहानी आपको अचम्भित भी करेगी।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर


# गाजा में संघर्ष को लेकर भारत बेहद चिंतित



संयुक्त राष्ट्र में भारत की दूत ने कहा है कि गाजा में पिछले करीब पांच महीने से जारी संघर्ष को लेकर भारत 'बेहद चिंतित' है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्ध में आम नागरिकों की मौत और उससे उपजा मानवीय संकट 'स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य' है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने सोमवार को 'वीटो के उपयोग' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। कम्बोज ने यूएनजीए में कहा, 'इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान चली गई है...इसके परिणामस्वरूप एक मानवीय संकट भी पैदा हो गया है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है।' पांच महीने से युद्ध जारी रहने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'मानवीय संकट गहरा गया है, जिससे क्षेत्र और उससे परे अस्थिरता बढ़ रही है।' पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका द्वारा वीटो करने के बाद महासभा ने 'वीटो के उपयोग' पर पूर्ण बहस आयोजित की। अमेरिका के वीटो के कारण परिषद गाजा युद्ध में मानवीय संघर्षविराम के प्रस्ताव को अपनाने में विफल रही। कम्बोज ने यूएनजीए को बताया कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट है और भारत ने संघर्ष में नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है।

## ऑफ बीट

# बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा पर ऑक्सीजन सोच से कम



बृहस्पति के बर्फीले चंद्रमा यूरोपा को लंबे समय से सौर मंडल में रहने योग्य सबसे उपयुक्त दुनिया में से एक माना जाता है। अब बृहस्पति पर जूनो मिशन ने पहली बार सीधे तौर पर इसके वायुमंडल का विस्तार से नमूना लिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि यूरोपा की बर्फीली सतह जितना हमने सोचा था उससे कम ऑक्सीजन पैदा करती है। यूरोपा पर सूक्ष्मजीवी जीवन की खोज की संभावना के बारे में उत्साहित होने के कई कारण हैं। गैलीलियो मिशन के साक्ष्यों से पता चला है कि चंद्रमा की बर्फीली सतह के नीचे एक महासागर है जिसमें पृथ्वी के महासागरों की तुलना में लगभग दोगुना पानी है। इसके अलावा, यूरोपा डेटा से प्राप्त मॉडल से पता चलता है कि इसका समुद्र तल चट्टान के संपर्क में है, जिससे रासायनिक जल-चट्टान संपर्क सक्षम होता है जो ऊर्जा उत्पन्न करता है, जिससे यह जीवन के लिए प्रमुख संभावित स्थल बन जाता है। इस बीच, टेलीस्कोप अवलोकन से कमजोर, ऑक्सीजन युक्त वातावरण का पता चला है। ऐसा भी लगता है मानों समुद्र से रुक-रुक कर पानी का गुबार फूट रहा हो। और सतह पर बुनियादी रासायनिक तत्वों की उपस्थिति के कुछ सबूत हैं - जिनमें कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस और सल्फर शामिल हैं - जिनका उपयोग पृथ्वी पर जीवन द्वारा किया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# तेलंगाना दक्षिण भारत का गेटवे, ये देश का पहला एविएशन सेंटर होगा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पीएम मोदी ने तेलंगाना के संगारेड्डी में 6800 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें सड़क, रेल, पेट्रोलियम, विमानन और प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। जनसमूह को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार तेलंगाना के विकास में सहायता के लिए लगातार काम कर रही है। वे राज्यों के विकास के माध्यम से राष्ट्र विकास के मंत्र में विश्वास करते हैं। सरकार इसी भावना के साथ तेलंगाना की सेवा के लिए काम कर रही है।

**पीएम ने तेलंगाना पर की 6,800 करोड़ की विकास परियोजनाओं की बौछार**



### इस सेंटर में युवाओं के लिए के रास्ते खुलेंगे

पीएम ने हैदराबाद में बेगमपेट हवाई अड्डे पर नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठनकेंद्र के उद्घाटन को विमानन क्षेत्र में तेलंगाना के लिए एक बड़ा उपहार बताया। ये अपने तरह का देश का पहला एविएशन सेंटर होगा, जो ऐसे आधुनिक स्टैंडर्ड्स पर बना है। इस सेंटर से हैदराबाद और तेलंगाना को एक नई पहचान मिलेगी। इससे तेलंगाना के युवाओं के लिए एविएशन सेक्टर में नई उड़ान के रास्ते खुलेंगे। इससे देश में एविएशन स्टार्टअप्स को रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट के लिए एक प्लेटफ़ार्म मिलेगा, मजबूत धरातल मिलेगी। 10 वर्षों में देश के एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हुई है।



### तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के बीच परिवहन सुविधाएं सुगम होंगी

विकसित भारत के संकल्प में आधुनिक बुनियादी ढांचे की केंद्रीयता पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने इस साल के बजट में 11 लाख करोड़ के आवंटन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एनएच-161 के कांडी से रामसनपल्ले खंड और एनएच-167 के मिर्यालगुडा से कोडाद खंड से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा। तेलंगाना में रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने इलेक्ट्रिफिकेशन और दोहरीकरण का काम भी तेज गति से हो रहा है। सनत' नगर-मौला अली रूट पर दोहरीकरण और इलेक्ट्रिफिकेशन के साथ 6 नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। आज यहां से 'घटकेसर-लिंगमपल्ली' के बीचएमएमटीएस ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई। इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन का उद्घाटन किया।

*ओडिशा में पीएम मोदी का ऐलान-अबकी बार 400 पार*

## आज सभी गरीबों की गारंटी मोदी ने ले ली

एजेंसी ▶▶ चंडीखोल

पीएम मोदी ने ओडिशा के चंडीखोल में 19,600 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जो भी अटकी, लटकी, भटकी परियोजनाएं थीं, उन्हें हमारी सरकार पूरी कर रही है। अबकी बार 400 बार का संकल्प है। ये संकल्प भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार कोयले को लूट कर खा जाती थी तो वह गरीबों को खाना कैसे दे सकती है? लेकिन जब एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तब उसने कहा कि गरीब की सबसे बड़ी गारंटी मोदी बनेगा। जिस गरीब के पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं था, उसकी गारंटी मोदी ने ले ली।

**खबर संक्षेप**

### एक दिन में 4 जगह वंदे भारत पर पत्थरबाजी



**नई दिल्ली।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की कई घटनाएं सामने आई हैं लेकिन मंगलवार को जो हुआ वह चौंकाने वाला था। मंगलवार को दक्षिण भारत के दो राज्यों में 4 अलग-अलग स्थानों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके गए हैं। वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने की यह घटना कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की अलग-अलग जगहों पर हुई है। इन चारों की घटनाओं में ट्रेन की खिड़कियों को नुकसान जरूर हुआ है लेकिन कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। ये घटनाएं रविवार की हैं।

### ट्रेन से सफर कर रहे बच्चे को आया हार्ट अटैक



**मुजफ्फरपुर।** यहां हार्ट अटैक का एक ऐसा मामला सामने आया हैं, जिसे देख डॉक्टर भी हैरान हैं। 13 साल के बच्चों को हार्ट अटैक आय। ट्रेन में बैठे बच्चे के सीने में पहले दर्द हुआ तो परिजनों को लगा आम दर्द है, लेकिन फिर भी उसे पास के नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टरों में बताया कि ये दर्द मामूली नहीं, बल्कि हार्ट अटैक का है। फिलहाल बच्चे की स्थिति ठीक है।

### कांग्रेस के मोढवाडिया ने थामा 'कमल का फूल'



**अहमदाबाद।** गुजरात में एक दिन पहले कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा देने वाले पार्टी के दिग्गज नेता रहे अर्जुन मोढवाडिया ने भाजपाी में शामिल हो गए हैं। गांधीनगर में भाजपा के प्रदेश कार्यालय कमलम में मोढवाडिया ने प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल के हाथों पटका पहना। अमरेली के राजुला से विधायक रहे पूर्व कांग्रेस नेता अंबरीश डेर पहले शामिल हो गए थे। बताया जा रहा अभी और भी शामिल हो सकते हैं।

### आप नेता वकील बलबीर सिंह भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले आप को बड़ा झटका लगा है। 'आप' नेता बलबीर सिंह जाखड़ ने पार्टी बदल भाजपा ज्वॉइन कर लिया है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। जाखड़ दिल्ली में सीनियर एडवोकेट हैं। बताया जा रहा है कि जाखड़ दिल्ली के सभी जिला न्यायालयों बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति के पूर्व चेयरमैन हैं।

संदेशखाली केस में सीएम ममता को हाईकोर्ट से झटका

# शाहजहां को तत्काल सीबीआई के हवाले करें, आरोपियों के दस्तावेज भी जमा करें

**मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने एसआईटी को खारिज कर दिया**

एजेंसी ▶▶ कलकत्ता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली में 5 जनवरी को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले सहित वहां से जुड़े तीन मामलों की जांच मंगलवार को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए टीएमसी नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अगुवाई वाली खंडपीठ ने मुख्य आरोपित शेख को सीबीआई को सौंपने का भी निर्देश दिया है। अदालत नेसंदेशखाली कांड से जुड़े तीनों मामलों के सभी दस्तावेज भी पुलिस को तत्काल सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने इसके अलावा ईडी अधिकारियों पर हमले की पड़ताल के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को खारिज कर दिया है।



### दोनों पक्षों ने दायर की थी याचिका

*ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एसआईटी के गठन का आदेश दिया गया था। बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।*

### ममता शेख के साथ वीवीआईपी जैसा व्यवहार कर रहीं: मालवीय

भाजपा के अमित मालवीय ने संदेशखाली मामले और बोनगांव में ईडी अधिकारियों पर हमले से संबंधित सीआईडी जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को आदेश दिया कि सीएम ममता बनर्जी सरकार शाहजहां शेख के साथ वीवीआईपी की तरह व्यवहार कर रही थीं। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक सोकत मोल्ला, जहांगीर खान और अन्य जैसे अपराधी, जो टीएमसी के लिए अपराध सिंडिकेट संचालित करते हैं और गरीबों को परेशान करते हैं, उनका भी शेख जैसा ही हश्र नहीं हो जाता।

### भाजपा नेता सुवेंदु ने भी ममता सरकार पर साधा निशाना



भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली और बोनगांव में ईडी अधिकारियों पर हमले से संबंधित सीआईडी जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करके एक बार फिर पश्चिम बंगाल के विफल राज्य और उसके समझौतावादी पुलिस तंत्र को उजागर किया है। मैं कलकत्ता हाईकोर्ट की माननीय प्रथम श्रेणी पीठ के फैसले का तहे दिल से स्वागत करता हूं।



**हिंसा केस लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सिंघवी**

### सीबीआई को दे रहे शेख की कस्टडी, जल्द सुनवाई करें, जस्टिस बोले- नहीं...

*हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार तुरंत सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई और यह मामला कोर्ट के सामने रखा। बंगाल सरकार की तरफ से कोर्ट के सामने पेश हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी और गोपाल शंकर नारायणन ने कहा कि इस मामले की तुरंत सुनवाई की जाए। जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मामले में रजिस्ट्रार के पास जाकर मेंशन करें।*




ईसीआई बोले-100 मिनट में होगी कार्रवाई

## चुनाव के समय हिंसा बर्दाश्त नहीं, सी विजिल एप लॉन्च करेंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक शानदार एप लॉन्च करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने 'सी-विजिलः नागरिक सतर्क रहें' नाम से एक एप्लिकेशन लॉन्च करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस एप की मदद से हिंसा को रोकने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यदि चुनाव से संबंधित किसी भी अनियमितता या हिंसा की तैयारी की जा रही है तो एप के माध्यम से रिपोर्ट किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी उम्मीदवार की क्रिमिनल बैकग्राउंड है तो इस एप्लिकेशन का उपयोग उन उम्मीदवारों और उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों की पहचान करने के लिए किया जा सकता है।

### निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना हमारा उद्देश्य

इसके साथ ही राजीव कुमार ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस दौरान उन्होंने कई अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है।

### केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी

उन्होंने कहा कि चुनाव में डर या भय का कोई जगह नहीं है। नौकरशाहों का निष्पक्ष रहने की सलाह दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों की भी तैनाती की जाएगी।

योगी सरकार में 4 और मंत्री शामिल

## दारा, राजभर, अनिल सुनील को मिली कैबिनेट में 'जगह'

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में मंत्रियों की संख्या बढ़कर अब 56 हो गई है। मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओम प्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल के नेता अनिल कुमार, भाजपा नेता दारा सिंह चौहान और सुनील कुमार शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंत्रिमंडल में अनारक्षित वर्ग के चेहरों की संख्या अब 24 और ओबीसी की संख्या बढ़कर 22 हुई।



एससी-एसटी की भागीदारी 10 हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौजूद थे। विस्तार से पहले राजभर ने कहा कि ये बड़ी जिम्मेदारी है। प्रदेश में गरीब, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का सम्मान बढ़ेगा।

टीएमसी विधायक के बयान पर मचा बवाल

## अपवित्र जगह में है राम मंदिर कोई भी नेता अयोध्या न जाए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी के बीच राजनीतिक बवाल थम नहीं रहा है। संदेशखाली का मुद्दा जारी है लेकिन इस ही बीच टीएमसी विधायक के राम मंदिर को लेकर दिए गए विवादित बयान पर दोनों दल आमने-सामने हो गए हैं।

रामेंदु सिन्हा रॉय ने एक रैली में अयोध्या में बने राम मंदिर को 'अपवित्र स्थल' बता दिया। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया जिसमें कहते हुए सुना जा सकता है कि एक मंदिर बनाया गया है और किसी भी हिंदू को पूजा करने के लिए राम मंदिर में नहीं जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ब्राह्मण नहीं हैं तो कैसे उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा की है।



### भाजपा का पलटवार- केस करेंगे

भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पलटवार करते हुए कहा कि यह टीएमसी नेताओं की भाषा है। उन्होंने भगवान राम के प्रति टीएमसी नेतृत्व के सम्मान और सम्मान के स्तर को उजागर कर दिया है। रॉय क टिप्पणी से पूरी दुनिया के हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई है इसलिए उन पर मामला दर्ज कराया जाएगा।

## 'श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा' उत्सव



**पुणे।** पुणे से 50 किमी दूर वीर गांव में 'श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा' उत्सव के दौरान भक्तों ने जश्न मनाया। यह त्योहार भगवान शिव के इसी नाम के अवतार और उनके विवाह का उत्सव है। यह माघ पूर्णिमा के दौरान होता है और 10 दिनों तक जारी रहता है।

पीएम मोदी के मिशन 'अबकी बार 400 पार' को पूरा करने के लिए भाजपा के दो दिग्गज राज्यों के दौरे पर

# युवा सम्मेलन में भरी हुंकार और किया उनसे संवाद

*गृहमंत्री शाह का 'महाराष्ट्र मिशन'*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले देश के गृहमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता अमित शाह महाराष्ट्र के दो दिनी दौरे पर हैं। शाह सुबह की शुरुआत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला चढ़ाकर की तो दोपहर को युवाओं के साथ संवाद किया। शाम को शाह संभाजीनगर छत्रपति शिवाजी को नमन किया।

शाह ने बीती रात एक्स पर बताया,छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यभूमि के 2 दिन के दौरे पर छत्रपति संभाजीनगर पहुंचे। मंगलवार को अकोला, जलगांव और छत्रपति संभाजीनगर में कार्यक्रमों के जरिए युवाओं और हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

### कार्यकर्ताओं और युवाओं में जोश भरेंगे



गृहमंत्री शाह का पहला प्रोग्राम अकोला में था। यहां शाह सुबह 11 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। इसके बाद जलगांव पहुंचेंगे और दोपहर 2:30 बजे सागर पार्क में युवा सम्मेलन को संबोधित किया। शाम 5:45 बजे शाह ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यह कार्यक्रम क्रांति चौक पर हुआ। वहीं, शाम 6 बजे संभाजीनगर के मराठवाडा सांस्कृतिक मंडल ग्राउंड में एक कार्यक्रम में शाह शिरकत की। लोकसभा चुनाव से पहले शाह का ये दौरा काफी अहम माना जा रहा है।

*भाजपाध्यक्ष नड्डा ने कर्नाटक में जनसभा को संबोधित किया*

### कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की सरकार

**बेंगलुरु।** बेलगावी के बूथ समावेश पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की तारीफ की। नड्डा ने भाजपा को विधारधारा पर आधारित पार्टी बताया है। नड्डा ने कहा, भाजपा ने जनसंघ के रूप में 1951-52 में कहा था कि एक देश में, दो निशान-दो विधान-दो प्रधान नहीं रहेंगे, तो धारा 370 को धराशायी कर दिया। राम मंदिर बनवाया। यहां की राज्य सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टितकरण कर रही है।



### कर्नाटक में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लग रहे

नड्डा ने कहा कि आज भारत को अपने लोगों पर भरोसा है, अपनी सरकार पर भरोसा है। यहां के लोगों को अहसास हो गया होगा कि उनकी राज्य सरकार उन्हें कैसे धोखा दे रही है? विधानसभा में कांग्रेस ने 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। क्या यही है 'भारत जोड़ो यात्रा' का मकसद ?

# संस्कारधानी में दिखी ब्रज की झलक श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली

## सोमेश्वर धाम में आठ दिवसीय नर्मदा पुराण व पार्थिव शिवलिंग का हुआ समापन



**जबलपुर।** नर्मदा के तट गौरी घाट स्थित श्री सोमेश्वर धाम में कान्हा की नगरी ब्रज की होली के रंग बिखरे हुए नजर आए। नर्मदा पुराण पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संत चरण वंदन के आठ दिवसीय अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर कोलकाता के कथा वाचक पंडित मनीष उपाध्याय श्री सोमेश्वर धाम के महंत केवल पुरी महाराज के सानिध्य में देश भर से आए साधु संतों और हजारों श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेल कर एक दिव्य अनुभूति महसूस की ब्रज की होली के लोकगीतों के बीच श्रद्धालुओं और साधु संतों ने जब एक दूसरे पर फूलों की वर्षा की तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया सभी लोगों ने भाव से फूलों की होली खेली, 26 फरवरी से 4 मार्च तक ग्वारीघाट स्थित श्री सोमेश्वर धाम में हुए इस अनुष्ठान की दिव्यता को लोग शब्दों में व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। एक ही जगह पर न केवल उन्होंने पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया बल्कि नर्मदा पुराण की दिव्य कथा भी सुनी। इसके साथ-साथ देश भर के अनेक हिस्सों से आए साधु संतों के दर्शनों से उनका जीवन भी कृतार्थ हो गया, कोलकाता से कथा वाचक पंडित मनीष उपाध्याय ने कहा कि ऐसे अनुष्ठान का हिस्सा तो तभी बना जा सकता है जब कई जन्मों के पुण्य उदय हो रहे हो। श्री सोमेश्वर धाम में बृज की होली के रंग के साथ भंडारे से हुआ समापन।



# शिव के लिए शक्तियों ने रखा कलश

**भोलेनाथ के विवाह की तैयारियां हुई तेज**

**जबलपुर।** सुबह से ही लाखों लोग भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं जहां जगह-जगह भंडारा भी विभिन्न संगठनों द्वारा प्रदाय किया जाता है, महाशिवरात्रि की तैयारियां के तहत भरतीपुर से विराट कलशयात्रा निकली, शिव के लिए शक्तियों ने अपने सिर पर जल कलश निकला। पीत वस्त्र में महिलाओं में भोले की भक्ति के लिए श्रद्धा के भाव दिखे। भरतीपुर से निकलने वाली बारात की झांकियां सजनी शुरू हो गई हैं। यहां बारात से लेकर विदाई तक की रस्म होती है। यहां शिव विवाह की लंबी परंपरा है। संस्कारधानी में भी भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के वैवाहिक उत्सव को महाशिवरात्रि के दिन प्रतिवर्ष के अनुसार इस बार भी विशेष रूप से मनाने की तैयारी मंदिरों में चल रही है, विवाह के कार्ड भी छपे भरतीपुर शक्ति मंदिर में होने वाले विवाह यहां पर चार दिन पहले से हो भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के वैवाहिक आयोजन शुरू हो जाता है। महाशिवरात्रि के दिन ही यहां पर रात्रि भगवान भोलेनाथ की बारात भी निकाली जाती है जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर में समाप्त होती है। सुबह से ही सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ कचनार सिटी में पड़ती है यहां कई जगह अभिषेक कुछ वर्षों से चार प्रहर के अभिषेक बहुतेरे मंदिरों में हो रहा है। ज्योतिषी पंडित आशुतोष दीक्षित का कहना है कि चारों प्रहर भगवान भोलेनाथ के पूजन अभिषेक का विशेष विधान है, गोधूली की बेला से सुबह चार बजे तक ये अभिषेक चलते हैं। भगवान शिव को केतकी का फूल छोड़कर उन्हें सबकुछ अर्पित किया जा सकता है, अभिषेक के समय तांबे के लोटे से बजाए पीला लोटे से जल, दूध, दही चढ़ाना चाहिए। इसी तरह भगवान को धतूरा का फूल बहुत प्रिय है सभी को चढ़ाना चाहिए।

# संबल योजना के लिये करा सकेंगे पंजीयन

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में सम्मिलित असंगठित श्रमिकों में एक अन्य श्रेणी गिग कर्मियों की जोडी गई है। अब गिग वर्कर्स भी संबल योजना के तहत अपना पंजीयन करा सकेंगे तथा इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। प्रभारी सहायक श्रमायुक्त जबलपुर सूर्यकांत सिरवैया के अनुसार गिग कर्मियों की इस श्रेणी में फूड सप्लाई डिलीवरी बॉय, ऐसोसिएट डिलीवरी ड्राइवर, टेली कॉलर, कॉल सेंटर ऐसोसिएट, संदेश वाहक एवं वितरक (कूरियर सर्विस सेवा), इलेक्ट्रॉनिक होम एप्लाइंस सर्विस कर्ता कैब-टेक्सी ड्राईवर्स, मोटर साईकल, स्कूटर एवं ऑटो रिक्शा ड्राईवर्स, कस्टमर कंपलेंट सर्विस ऑपरेटर, हाउस कीपिंग सर्विस, ट्रांसक्रिप्शन राईटर एसोसिएट, फ्रीलांस सॉफ्टवेयर डेवलपर एवं ऑपरेटर, फ्रीलांस एप या ऑनलाईन एडुकेटर्स, ट्यूटर्स, फ्रीलांस ग्राफिक डिजाइनर, फ्रीलांस ट्रेवल अटेन्डेन्ट्स एवं गाईड्स आदि को शामिल हैं।

# यादव महासभा की बैठक संपन्न

जबलपुर।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर इकाई की एक आवश्यक बैठक प्रदेश महासचिव संजय यादव बसंता के निवास स्थान श्रीनाथ की तलैया जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक में महासभा की आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। यादव महासभा संभागीय अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव उपरांत महासभा द्वारा सर्वजातीय प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान किया जाएगा। इसी प्रकार जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बडडा ने बताया कि हम अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के मंच बैनर तले अन्य समाजों के वरिष्ठ जनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी इस कार्यक्रम में सम्मान करेंगे। इस अवसर पर आगामी हिंदू त्यौहार होली के अवसर पर महासभा द्वारा होली मिलन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव जिला शहर अध्यक्ष मनोज यादव प्रदेश युवा उपाध्यक्ष राजेश यादव महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती रश्मि यादव आदि ने भी संबोधित किया।



# शबरी भंडारा की सामग्री लेकर 9 मार्च को रवाना होंगे अयोध्या धाम

**जबलपुर।** जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट द्वारा संचालित चलित प्रसादम सेवा के द्वारा अयोध्या में हो रहे शबरी भंडारा के लिए शहर के सभी संतो का आशीर्वाद लेकर 9 मार्च को सुबह 12:00 बजे सामग्री लेकर ट्रक रवाना होगा। ज्ञात हो 11 मार्च से 20 मार्च तक अयोध्या के अवध विहार, हनुमान गुफा रोड, दीनबंधु आंख अस्पताल के पास, परिक्रमा मार्ग, वासुदेव घाट, अयोध्या धाम में सुबह से रात तक भंडारा चलाया जाएगा, जिसमें सुबह से रात विभिन्न प्रकार के पकवान हर 3 घंटे में बनाए जाएंगे इसमें इटली डोसा के विशेष कारीगर ले जाए जा रहे हैं। उपस्थिति की अपील ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल डॉक्टर सुधीर अग्रवाल एडवोकेट सचिन अग्रवाल ने की है।

# विविध संस्थाओं ने दी डॉ.राजकुमार सुमित्र को श्रद्धांजलि

## साहित्य, संस्कृति इतिहास थे सुमित्र

जबलपुर।

डॉ. राजकुमार सुमित्र जैसे साहित्य साधक विरले ही होते हैं। उन्होंने लगभग साढे. सात दशक तक साहित्य, पत्रकारिता और समाज की अप्रतिम सेवा की। डॉ. सुमित्र अपने में एक युग थे। समूचा साहित्य,संस्कृति और इतिहास थे। व्यक्तित्व की उदात्तता और ज्ञान गरिमा के उज्जवल प्रतीक थे।

तदाशय के उद्गार पाथेय संस्था के तत्वावधान में विविध संस्थाओं की संयुक्त की सामूहिक सुमित्र श्रद्धांजलि सभा में मनीषियों ने व्यक्त किए। डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी के सानिध्य में सभा की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। इस अवसर पर राजेश पाठक प्रवीण के संचालन में वरिष्ठ पत्रकार श्याम कटारे,डॉ. हरिशंकर दुबे, साधना उपाध्याय, डॉ.ऊषा दुबे, प्रो. एच.बी.पालन, स्वामी अगेह भारती, डॉ.छाया राय, डॉ. कृष्णकुमार दुबे,राजेश माहेश्वरी, डॉ.सुधीर तिवारी,अर्चना मलैया, पूर्व मंत्री शरद जैन,भाजपा से अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज,डॉ. स्वाति सदानंद गोडवोले, सूरज जायसवाल, ध्रुव गुप्ता,अर्चना भटनागर, गीता शरत तिवारी, संतोष नेमा, आदि ने डॉ. सुमित्र की जीवन साधना पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



# श्री परशुराम ब्राह्मण संघ ने की गौरीघाट में आरती



**जबलपुर।** प्रत्येक सोमवार की तरह परशुराम धाम ग्वारीघाट में श्री परशुराम ब्राह्मण संघ की आरती सम्पन्न हुई पश्चात भक्तों को वस्त्र पट्टिका प्रभु राम का चित्र देकर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें संघ के नगर वरिष्ठ अध्यक्ष यदुवंश मिश्रा डॉ.अरुण मिश्रा, विकास शुक्ला, पी के तिवारी, कुलदीप शुक्ला, योगेन्द्र मालवीय मातृशक्ति मिथलेश तिवारी, वनिता मालवीय,संध्या मिश्रा, ज्योति राय, मीनाक्षी शुक्ला एवम् अन्य साधु संत उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**जबलपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान 73 आवेदन आए। सभी आवेदकों से पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने खुद चर्चा की और सुनवाई की। शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के पास अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। ज्यादतर शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित थी। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाली दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा उपस्थित रहे।

# नियुक्ति पत्र मिलते ही युवाओं में छाई खुशी की लहर

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम उत्साहवर्धक रहा। संपूर्ण प्रदेश में 8500 से अधिक नियुक्तिपत्रों का वितरण मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सिंगल क्लिक से किया गया। जिसमें जबलपुर के 246 चयनित युवाओं को कलेक्टर सभागार में कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना द्वारा ऑफलाइन नियुक्तिपत्र दिया गया। जिसमें राजस्व, हेल्थ, कृषि, पुशपालन व लोक निर्माण आदि विभागों के चयनित युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट युवाओं द्वारा देखा व सुना गया तथा नियुक्ति पत्र पाने पर खुशी प्रकट की गई।

# दो ताप विद्युत गृहों को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के दो ताप विद्युत गृहों सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व श्री सिंगाजी ताप वुत्र गृह दोंगलिया को फ्लाई ऐश (ताप विद्युत गृह से निकलने वाली राख) के कुशल प्रबंधन द्वारा शतप्रतिशत सदुपयोग के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी को 500 मेगावाट एवं श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया को स्टेट सेक्टर में 500 मेगावाट से ऊपर की श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त हुए। पिछले दिनों गोआ में मिशन इनर्जी फाउंडेशन द्वारा फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन कार्फ्रेंस एक्सपो अवाड्र्स में यह पुरस्कार मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से ग्रहण किए। इस अवार्ड समारोह को केन्द्रीय कोयला मंत्रालय, स्टील मंत्रालय, पावर मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, पर्यावरण व वन मंत्रालय और सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के संबद्ध अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है।

मिशन इनर्जी फाउंडेशन द्वारा फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन कार्फ्रेंस एक्सपो में एनटीपीसी, महाजेनको, वेदांता, नेवेली लिग्नाइट सहित देश के महत्वपूर्ण सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की लगभग सौ से अधिक पावर यूटिलिटी ने भाग लिया।



# भंवरताल गार्डन में 7 मार्च को होगा साड़ी वॉकथॉन

**जबलपुर।** आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समस्त जिला मुख्यालयों पर "साड़ी वॉकथॉन" का आयोजन करने के निर्देश दिये है। यह साड़ी वॉकथॉन 7 मार्च को सांय 5.45 बजे किया जाना है। अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने कहा कि उक्त निर्देश के परिपालन में जबलपुर भंवरताल गार्डन में लगभग 1000 महिलाओं की भागीदारी से साड़ी वॉकथॉन आयोजित किया जायेगा। साडी वॉकथॉन लगभग 1 किलोमीटर की होगी। इसमें जिले की स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, उषा कार्यकर्ता, शैक्षणिक संस्थाओं की छात्राओं एवं महिलाओं की भागीदारी की आपेक्षा की गई है। वॉकथान के लिये तैयार फ्लेग को थाम कर प्रतिभागी महिलाओं का ग्रुप वॉक करेगा। थोडे अंतराल में महिलायें राष्ट्रीय ध्वज भी थामें वॉक करेंगी। वॉकथॉन का विशेष लोगो डिजाईन किया गया है जिसका विजुअल पबलिसिटी फ्लेग बैचेस में उपयोग किया जायेगा। इस दौरान विकसित भारत - विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प के साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनर्श्चित करनें के निर्देश दिये गये है, जिसमें मोबाईल हेल्थ क्लीनिक, एम्बुलेंस, मोबाईल टॉयलेट, सुरक्षा व हेल्प डेस्क आदि शामिल हैं।

# लोकसभा चुनाव : एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के सदस्यों का प्रशिक्षण आज

## अब वेटरनरी कॉलेज के सभाकक्ष में होगा प्रशिक्षण

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान अभ्यर्थियों के चुनावी खर्च पर निगरानी रखने एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के अंतर्गत गठित दलों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण बुधवार 6 मार्च को दोपहर साढ़े बारह बजे वेटरनरी कॉलेज के आडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित न होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध निर्वाचन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के चुनाव खर्च पर निगरानी रखने सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, लेखाकरण दल, दैनिक रिपोर्ट संकलन दल का गठन किया है तथा एक्सपेंडिचर सेल की विभिन्न शाखाओं में प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

# कृषि विवि में क्षय हितग्राहियों को पोषण आहार किट वितरित

# क्षय रोग मुक्ति के लिए जागरुकता आवश्यक : डॉ. मिश्रा

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं एपीडा की रीजनल हैड नई दिल्ली, श्रीमति पूनम कपूर की उपस्थिति में कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अन्तर्गत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय हितग्राहियों को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम क्षय रोगियों के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे, ऐसे कार्यक्रम लगातार चलते रहना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक क्षय रोगी इस रोग से मुक्त हो सके,और लोगों में जागरूकता आ सकें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि क्षय रोगियों के लिए डॉ. एस.एस. शुक्ला विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में, मिलेट से पौष्टिक आहार तैयार किये जा रहे है, यह पौष्टिक आहार क्षय रोगियों हेतु स्वास्थ्य वर्धक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव,विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाजपेयी सहित प्रध्यापक,वैज्ञानिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# ममता नहीं निर्ममता बनर्जी होना चाहिए नाम : शर्मा

# संदेशखाली की घटना के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन

जबलपुर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा घंटाघर चौक में पश्चिम बंगाल के संदेशख़ाली क्षेत्र में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने बताया कि संदेशखाली की महिला विरोधी वीभत्सता के विरोध में खड़ा होना यह प्रत्येक भारतीय का दायित्व है। पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ छल कपट पूर्वक यौन शौषण एवं उनकी अस्मिता का हनन जिहादी समूह द्वारा लगातार किया जा रहा है, संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं की घृणित मानसिकता का शिकार हुई महिलाओं के आक्रोश को विद्यार्थी परिषद के माध्यम से आवाज देते हुए आज 5 मार्च 2024 को महाकोशल प्रान्त के समस्त जिलों में विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन जा रहा है ,प्रदर्शन के दौरान प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कुछ प्रमुख माँगे रखीं हैं की राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कराई जाये एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाये।

जबलपुर के घंटा घर चौक में प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या अनेक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की छात्राएँ एवं छात्र उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश मंत्री माखन शर्मा, महानगर मंत्री ऐश्वर्य सोनकर, सहमंत्री आर्यन पुंज, वर्षा शेंडे, जानवी पंजवानी, आर्या राजे सिंह पीयूष ठाकुर, शार्थक चौधरी,प्रयांशु नवदेव,हर्ष बेन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/270
दिनांक :- 05/03/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष कुमार अग्रवाल पिता श्री टी.एन. अग्रवाल मकान नं. 954 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1100 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### फ्लिपकार्ट ने शुरू की यूपीआई सर्विस




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट ने अपनी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस शुरू कर दी है। यूजर्स इसके जरिए क्यूआर कोड की मदद से पेमेंट कर सकेंगे, बिजली का बिल भर सकेंगे और मोबाइल रिचार्ज जैसी डिजिटल सर्विसेज का इस्तेमाल कर सकेंगे। अमेरिकी स्टार्टअप एवेनायर ने अपना इनोवेटिव ऑल-सीजन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक स्कूटर टेक्टस ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च कर दिया है।

### निवेशकों के लिए बंधन लांग ड्यूरेशन फंड लांच



**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन लांग ड्यूरेशन फंड के लांच की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड, लॉन्गटर्म डेट प्लान है, जो ऐसे इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करती है, जिनकी पोर्टफ़ोलियो मैकाले अवधि 7 वर्ष से अधिक होगी। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर प्रदान कर सकता है जो अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों के कारण मौजूदा निकट-चरम ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।

### कोट्यार्क ने हासिल की क्रेडिट प्रमाणन

**मुंबई।** कोट्यार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड कार्बन प्रमाणन के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक, वेरा कार्बन के तहत मान्यता की अपनी हालिया उपलब्धि की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि कोट्यार्क को परिभाषित करती है बायो डीजल इस क्षेत्र में यह उपलब्धि स्वीकार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। नवीन और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाकर, कोट्यार्क इंडस्ट्रीज ने 15 सितंबर 2020 से 31 मार्च 2022 तक 57,874 कार्बन क्रेडिट सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। वेरा रजिस्ट्री दिनांक 2 मार्च 2024। यह उपलब्धि न केवल हमारे समर्पण का प्रमाण है।

# मुथूट ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष स्व. एम.जी. जॉर्ज की स्मृति में हुआ सीएसआर कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** मुथूट समूह ने दूरदर्शी नेता, समूह के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय एम.जी. जॉर्ज मुथूट को उनकी तीसरी स्मृति वर्षगांठ पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अग्रणी पहल और परोपकारी प्रयासों ने लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालकर समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके कुशल प्रबंधन एवं मानवीय मूल्यों के अंतर्गत मुथूट समूह भारत के सबसे विश्वसनीय एवं विश्व स्तर पर विविध व्यापार समूहों के रूप में उभरा है। श्री एम. जी. जॉर्ज मुथूट की तीसरी स्मृति वर्षगाँठ मनाने के लिए एक विशाल सीएसआर विगत 2 मार्च को पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इन सीएसआर पहलों के माध्यम से हजारों वंचित और जरूरतमंद लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। रॉबिन हिबू (आईपीएस) दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इस मेगा सीएसआर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में सेंट जॉर्ज स्कूल और पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल की निदेशक डॉ. सारा जॉर्ज मुथूट के साथ-साथ, द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट कार्यालय एवं पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारे प्रिय समूह अध्यक्ष, स्वर्गीय एम.जी. जॉर्ज मुथूट एक महान, दूरदर्शी एवं बहुत उदार व्यक्ति थे। वे हमेशा सृजन में विश्वास करते थे, वे वंचित लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में लगन से काम करके और लोगों के जीवन और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक बदलाव लाकर एक अधिक न्यायसंगत समाज का निर्माण करने में उनकी अहम भूमिका रही। उनके गहन सिद्धांतों, मूल्यों और नैतिकता से प्रेरित होकर, यह सुनिश्चित करना हमारा प्रयास है कि उनके दृष्टिकोण के अनुकूल हम काम करें। ये पहल सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो यह सुनिश्चित करती है कि स्वर्गीय श्री एम.जी. जॉर्ज मुथूट के विचार एवं अनुभव हमारे जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती रहे।''

वर्ष 2023-24 के दौरान मुथूट फाइनेंस ने महिलाओं, दिव्यांगों, बौद्धिक रूप से कमजोर लोगों सहित लाखों गरीबों और वंचित लोगों की मदद की है। ये सीएसआर गतिविधियाँ दिवंगत श्री एम.जी. जॉर्ज मुथूट द्वारा अपनाए गए मूल्यों को मूर्त रूप देते हुए एक स्थायी और समावेशी भविष्य बनाने के लिए मुथूट फाइनेंस के समर्पण को दर्शाती है।



# मोटोवोल्ट ने किया बहुउपयोगी ई-स्कूटर एम7 का अनावरण

**कोलकाता।** इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी मोटोवोल्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने मोटोवोल्ट एम7 के लॉन्च के साथ शहरी आवागमन को फिर से परिभाषित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया गया है। यह बहु-उपयोगिता ई-स्कूटर (एमयूएसई), देश में अपनी तरह का पहला है जो कंपनी के हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में प्रवेश का प्रतीक है । जर्मन प्रौद्योगिकी से ओत-प्रोत और अरबों भारतीय आकांक्षाओं से प्रेरित, एम7 सुरक्षा, गुणवत्ता, आराम और स्थिरता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। मोटोवोल्ट एम7 को आज स्नेहाशीष चक्रवर्ती, मा. परिवहन मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. सौमित्र मोहन, आईएएस, सचिव, परिवहन विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार, सुश्री बारबरा वॉस, कोलकाता में जर्मनी की महावाणिज्य दूत, प्रसिद्ध अभिनेता, अबीर चटर्जी, एंड्रियास जुर्वेहमे, सीईओ, इरॉकिट, जर्मनी और तुषार चौधरी, संस्थापक और सीईओ, मोटोवोल्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित थे।

इस अवसर पर तुषार चौधरी, संस्थापक एवं सीइओ, मोटोवोल्ट मोबिलिटी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'मोटोवोल्ट में, हमारा मिशन एक कुशल और टिकाऊ आवागमन विकल्प प्रदान करना है। एम7, भारत में निर्मित है और भारत के लिए निर्मित है तथा निर्बाध रूप से उन्नत सुविधाओं को एकीकृत करते हुए वैयक्तिक है जो सवारों को जुड़ाव वाला अनुभव प्रदान करता है। इरॉकिट के सीईओ, एंड्रियास जुरवेहमे ने कहा कि हमारे जर्मन और भारतीय इंजीनियरों के बीच प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान इस परियोजना की आधारशिला है। इसका परिणाम एक असाधारण उत्पाद है जो बहुमुखी दक्षता, विश्वसनीयता और समर्पण के तालमेल का प्रतीक है। आगे हम एम7 को यूरोपीय बाजारों में पेश करने के अवसर भी तलाश रहे हैं। इसके क्षितिज और संभावित प्रभाव को और व्यापक करने की योजना है।"

## वैवाहिक सीजन के बावजूद बादाम में ग्राहकी कमजोर रही

# मौसम परिवर्तन के साथ ही बादाम में ग्राहकी घटी, कमजोर मांग से भाव घटे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



बादाम के प्रमुख उत्पादक केंद्र कैलिफोर्निया में कीमतें कुछ कमजोर होने के साथ ही डालर की दर पिछले दिनों में कुछ कमजोर होने से बादाम का आयात बढ़ गया है। इससे मुंबई-दिल्ली के बड़े आयातक बादाम के दामों में कटौती कर माल बेच रहे हैं।

राजधानी भोपाल मौसम में आए परिवर्तन की वजह से भी बादाम की मांग में एकाएक कमी देखने को मिल रही है। इधर, वैवाहिक सीजन के बावजूद बादाम में ग्राहकी कमजोर होने के कारण भाव घटाकर बोले जा रहे हैं। इंदौर में बादाम के दाम करीब 10-15 रुपए प्रति किलो तक टूट गए। बादाम इंडिपेंडेंट घटकर 540-560, अमेरिकी 640-660, आस्ट्रेलियन बादाम बेस्ट 700-725, टांच 475-525 रुपए प्रति किलो रह गई। व्यापारियों का कहना है कि लग्नसरा वालों की डिमांड जैसी निकलना चाहिए वैसी नहीं निकल पाई है जबकि बाजार में बादाम का स्टाक अच्छा मौजूद है। आगे भी बादाम में कोई विशेष ग्राहकी का समय नहीं होने से व्यापारी दामों में कटौती कर स्टाक हलका कर रहे हैं। हालांकि ज्यादा मंदी की गुंजाइश कम है।

### बादाम खाने से परफॉर्मेंस में सुधार

*अध्ययन से सामने आया है कि बादाम खाने से एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों के होने वाले दर्द में कमी आती है। जिससे वर्टिकल जंप जैसी एक्सरसाइज में मांसपेशियों की परफॉर्मेंस और बेहतर होती है। यह नतीजे पिछली रिसर्च का विस्तार है, जिसमें दिखाया गया था कि एक्सरसाइज के बाद बादाम किस तरह मांसपेशियों में होने वाले दर्द को कम कर प्रभाव डालते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्त पोषित और फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित नई रिसर्च स्टडी में पाया गया कि लंबाई के हिसाब से वजन में थोड़े ज्यादा मध्य आयु के 25 पुरुषों और महिलाओं का आठ हफ्ते तक रोजाना 57 ग्राम कच्चे और साबुत बादाम रोज खाने के लिए देने के बाद बाद 30 मिनट का डाउन हिल ट्रेडमिल टेस्ट किया गया। शोधकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर स्पष्ट मानकों का इस्तेमाल करते हुए रिसर्च में भाग लेने वाले लोगों की मांसपेशियों की कार्यप्रणाली को मापा। मांसपेशियों को होने वाले नुकसान और इनफ्लमेशन का आकलन किया गया। यह टेस्ट ट्रेडमिल टेस्ट के बाद तीन बार किए गए। टेस्ट में बादाम खाने से पहले प्रतिभागियों की दिल की सेहत, कार्यप्रणाली, शारीरिक संरचना तथा मूड, भूख और अच्छे रहन सहन के मनोवैज्ञानिक सामाजिक प्रभाव का आकलन किया गया।*

## भारत की पहली 100 फीसदी एफडीआई

# रिलायंस मेट सिटी में स्वीडिश कंपनी 'साब' लगाएगी हथियार बनाने का संयंत्र

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मेट सिटी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह भारत में प्रसिद्ध कार्ल-गुस्ताफ वेपन सिस्टम कंपनी, 'साब' की पहली मैन्युफैक्चरिंग सुविधा का घर बन गया है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में भारत का पहली 100 फीसदी एफडीआई होगी। इसके साथ ही भारत को प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भर बनाने में एक नया अध्याय शुरू होगा। साब एक स्वीडिश डिफेंस कंपनी है और उसके पास रक्षा उत्पादों की विस्तृत रेंज है और साथ ही भारत के साथ उसके मधुर संबंध हैं। हरियाणा में प्लांट का निर्माण शुरू करने के लिए साब एफएफवीओ इंडिया द्वारा आज दोनों कंपनियों के बीच समझौता हुआ। जो 'ग्राउंड ब्रेकिंग', रिलायंस मेट सिटी से संचालित होने वाले पहले से मौजूद क्षेत्रों की विस्तृत रेंज में रक्षा क्षेत्र के एक नए जुड़ाव का भी प्रतीक है।

### 9 विभिन्न देशों की कंपनियों की मेजबानी

रिलायंस मेट सिटी पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में 9 विभिन्न देशों की कंपनियों की मेजबानी करता है। उत्तर भारत में तेजी से बढ़ते बिजनेस सेंटर्स में से एक के रूप में, यह रक्षा, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो कम्पोनेंट्स, मेडिकल उपकरणों, एफएमसीजी, जूते, प्लास्टिक, उपभोक्ता उत्पादों और कई अन्य उद्योगों के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में तेजी से उन्नति कर रहा है। भारत की सबसे बड़ी आईजीबीसी प्लैटिनम रेटेड इंटीग्रेटेड स्मार्ट सिटी में से एक है और हरियाणा में एकमात्र जापान औद्योगिक टाउनशिप के रूप में मौजूद है। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स,ऑटो-कंपोनेंट्स से लेकर चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों तक 6 जापानी कंपनियां पहले से ही हैं । इस परियोजना में दक्षिण कोरिया की 6 कंपनियां और स्वीडन सहित यूरोप की कई कंपनियां भी शामिल हैं।

# एलआईसी ने सरकार को दिया 2,441 करोड़ रु. का लाभांश

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने भारत सरकार को 2,441 करोड़ रुपए का डिविडेंड चेक दिया। इस बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा है कि एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने 2,441.44 करोड़ रुपए का डिविडेंड चेक सौंपा है।

## एनसीईएल के माध्यम से होगा निर्यात

# सरकार ने दी 64,400 टन प्याज निर्यात की मंजूरी, 3,600 मीट्रिक टन की सीमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसमें बांग्लादेश को 50,000 टन प्याज और यूएई को 14,400 टन के शिपमेंट की अनुमति दी गई है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अपने नोटिफिकेशन में कहा कि एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को त्रैमासिक 3,600 मीट्रिक टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज का निर्यात किया गया है। डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है। यह आयात और निर्यात से संबंधित मानदंडों के लिए काम करता है। डीजीएफटी ने बांग्लादेश को निर्यात के लिए कहा कि निर्यात के तौर-तरीकों पर एनसीईएल द्वारा उपभोक्ता मामलों के विभाग के परामर्श से काम किया जाएगा।सरकार मित्र देशों को एक सीमित मात्रा में निर्यात की अनुमति देता है। जब मित्र देश अनुरोध करते हैं तब सरकार निर्यात की अनुमति देता है। इसके लिए सरकार एक मात्रा भी तय करती है।



### 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध

सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। दरअसल सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। इससे पहले, केंद्र ने अक्टूबर 2023 में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजारों में 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर प्याज स्टॉक की बिक्री बढ़ाने का फैसला किया था। कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार पहले भी कई कदम उठा चुकी है। सरकार ने 28 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 अमेरिकी डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया था। अगस्त में भारत ने प्याज पर 31 दिसंबर 2023 तक 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया था। इस वित्त वर्ष में 1 अप्रैल 2023 से 4 अगस्त 2023 के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया है।


## आवश्यकता

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरूरतमंद लोग Whatsapp या कॉल करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/08/मार्च/24)

## फायनेंस

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 40% छूट. संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9311382429 (रायपुर/05/फरवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844


## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5445



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -5444 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| ब | ■ | बा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5455

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5454 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# ‘नाटू-नाटू’ पर झूमे तीनों खान, नाचीं जाह्नवी, अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग की गरबा नाइट में मची धूम




मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन का दूसरा दिन काफी शानदार रहा। जहां दिन में फैमिली और मेहमानों पर जंगल फीवर चढ़ा रहा तो वहीं रात में गरबा परफॉर्मेंस से महफिल गुलजार रही। ऐसे में बॉलीवुड के अनगिनत दिग्गज सितारे एक साथ मंच पर थिरकते दिखाई दिए। बॉलीवुड सितारों ने एक के बाद एक शानदार परफॉर्मेंस देकर शाम को रंगीन कर दिया। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने भी केसरिया गाने पर आकाश अंबानी और श्लोका मेहता के साथ डांस किया।

जामनगर। सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान से लेकर रामचरण तक ने अपने डांस से महफिल में रंग जमाया. तो वहीं रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर-आलिया भट्ट ने भी अपनी परफॉर्मेंस से फंक्शन में चार चांद लगाए। पहले दिन रिहाना तो दूसरे दिन एकॉन जैसे इंटरनेशनल स्टार्स ने माहौल जमाया। गरबा नाइट में स्टेज परफॉर्मेंसेज ऐसे हुए जैसे किसी अवॉर्ड फंक्शन में होते हैं।

## नाटू-नाटू पर जमकर नाचे तीनों खान

शाहरुख, सलमान और आमिर खान के फैंस तीनों को एक साथ देखने के लिए बेताब रहते हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग की गरबा नाइट में तीनों खान ने नाटू-नाटू गाने पर एक साथ जोरदार डांस किया। इस दौरान तीनों स्टार्स किंग खान का सिग्नेचर स्टेप करते भी नजर आए।





## रणवीर ने यूं किया जल्द पिता बनने का एलान

रणवीर सिंह ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग के दौरान फनी अंदाज में अपने जल्द पिता बनने की अनाउंसमेंट की। उन्होंने कहा- मेरा बच्चा होने वाला है। इसके बाद उन्होंने वाइफ दीपिका पादुकोण के लिए सरेआम अपने प्यार का इजहार किया और गाने गल्ला गूडिया पर उनके साथ जमकर डांस भी किया।

**लेजा-लेजा पर इन एक्ट्रेसेस ने लगाए ठुमकेः** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग में जाह्नवी कपूर, अनन्या पांडे, सारा अली खान और खुशी कपूर ने एक साथ डांस किया। लेजा-लेजा गाने पर चारों एक्ट्रेसेस ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर मनीष मल्होत्रा संग खूब ठुमके लगाए।



**दिलजीत दोसांझ और अक्षय ने भी बांधा समा :** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपने कई शानदार गानों के साथ प्री-वेडिंग फंक्शन में माहौल बना दिया। इसके अलावा अक्षय कुमार ने भी मशहूर पंजाबी गाने ‘गुड़ नाल इश्क मीठा’ को गाकर समा बांध दिया।







# द साबरमती रिपोर्ट में एंकर बन रहस्य खोलेंगे विक्रांत

**मुंबई।** फिल्म 12वीं फेल से धमाल मचाने वाले एक्टर विक्रांत मैसी अब एक नया और सनसनीखेज प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। एक्टर विक्रांत अपनी अगली फिल्म से एक बार फिर धमाल मचाने को लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म का नाम ''द साबरमती रिपोर्ट'' है। जिसमें वो न्यूज एंकर के किरदार में नजर आने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म का टीजर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। यह फिल्म एक सत्य घटना पर आधारित है जो पुराने कई गड़े मुर्दों को बाहर ला सकती है। विक्रांत मैसी ने ‘द साबरमती रिपोर्ट’ 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में साबरमती ट्रेन पर हुए अटैक और उसमें अपनी जान गंवाने वाले 59 लोगों पर आधारित है।

## लाइफ Style

# तापसी पन्नू

## लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संग कर रही हैं शादी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हर साल की तरह इस साल भी फिल्म इंडस्ट्री में शादी का सिलसिला लगातार जारी है। साल की शुरुआत में आमिर खान की बेटी इरा खान ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे संग शादी की थी। इसके बाद हाल ही में रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने गोवा में ड्रीमी वेडिंग की।

कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। वहीं अब बी टाउन में एक और एक्ट्रेस दुल्हन बनने की तैयारी कर रही हैं। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं फिल्म ‘डंकी’ की एक्ट्रेस तापसी पन्नू हैं। खबरें हैं कि तापसी लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संग जल्द ही शादी करने जा रही हैं। तापसी पिछले 10 साल से इंडिया बैडमिंटन टीम के कोच मैथियास बो के साथ रिलेशनशिप में हैं। खबरों के मुताबिक, तापसी और मैथियास मार्च के एंड में उदयपुर में एक सिख-ईसाई समारोह में शादी कर सकते हैं। खबरें ये भी हैं कि ये शादी बेहद इंटीमेट वेडिंग होगी। हालांकि, कपल ने अपनी शादी को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट अभी नहीं की है। तापसी पन्नू के वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी अरशद सैयद की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘वो लड़की है कहां’ में नजर आएंगी। इस फिल्म में वे प्रतीक बब्बर और प्रतीक गांधी संग स्क्रीन शेयर करेंगी। इसके अलावा तापसी के अपकमिंग प्रोजेक्ट में ‘हसीन दिलरुबा’ का मोस्ट अवेटेड सीक्वल ‘फिर आई हसीन दिलरुबा’ भी है।



## हॉलीवुड मसाला

# डेमी मूर हुई हैरान पूर्व पति ब्रूस उन्हें पहचानने में असफल रहे

**लॉस एंजिलस।** प्रसिद्ध हॉलीवुड पुरस्कार विजेता स्टार 60 वर्षीय अभिनेत्री डेमी मूर ने एक वाक्या सोशल मीडिया में साझा किया है कि उन्हें हाल ही में दर्दनाक हृदय-विदारक क्षणों का अनुभव हुआ, जब उनके पूर्व पति अमेरिकी सेवानिवृत्त स्टार अभिनेता ब्रूस विलिस (68 वर्ष) उन्हें पहचानने में विफल रहे। जब वह इटली में अपनी छुट्टियों से व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलने आई थी। मूर ने कहा कि ब्रूस मेरा वही पूर्व पति है जिसके साथ वह तेरह साल तक शादीशुदा रही और उनकी तीन बेटियों को जन्म दिया। जब वह इटली में थी, तो भावुक डेमी ने कहा कि वह अपने तीन बच्चों और ब्रूस की वर्तमान पत्नी 45 वर्षीय एम्मा हेमिंग विलिस के संपर्क में रही, जो एक लोकप्रिय ब्रिटिश-अमेरिकी स्टार-मॉडल हैं। व्यथित डेमी ने यह भी साझा किया कि उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि ब्रूस की अपक्षयी मानसिक बीमारी (मनोभ्रंश) इतनी बढ़ गई है कि उसकी पिछली याददाश्त लगातार ख़त्म होती जा रही है।



# दृश्यम की बनेगी हॉलीवुड रीमेक...

**लॉस एंजिलस।** अजय देवगन स्टारर फिल्म ‘दृश्यम’ के फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई थी। फिल्म निर्माता कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में थ्रिलर फ्रेंचाइजी के कोरियाई रीमेक की घोषणा की। पनोरमा स्टूडियोज ने हॉलीवुड में दृश्यम बनाने के लिए गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और जोट फिल्म्स के साथ हाथ मिलाया है, जो किसी भारतीय फिल्म के लिए पहली फिल्म है। जोट फिल्म्स के संस्थापक जैक गुयेन ने कहा दृश्यम की एक अनूठी लेकिन स्थायी कहानी है। यह एक दिलचस्प बिल्ली और चूहे की कहानी में नाटक, भावनात्मक उतार-चढ़ाव को जोड़ती है। हमारा रूपांतरण निस्संदेह दर्शकों को उनकी सीटों से बांधे रखेगा। वहीं मंगत पाठक ने बताया कि दृश्यम को अमेरिका और कोरिया में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य देशों पर भी विचार किया जा रहा है। कोरिया और हॉलीवुड के बाद, हमारा मिशन अगले तीन से पांच वर्षों में 10 देशों में दृश्यम का उत्पादन करना है।



## टीवी न्यूज

# ‘प्रचंड अशोक’ शो में मायरा का विषकन्या का किरदार



**मुंबई।** दर्शकों को भारतीय इतिहास के इतिहास से रूबरू कराते हुए, कलर्स का ‘प्रचंड अशोक’ अपने प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। कलर्स पर हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे प्रसारित होने वाले इस शो में सम्राट अशोक के रूप में अदनान खान और राजकुमारी कौरवकी के रूप में मल्लिका सिंह अभिनीत, यह शो दो ऐतिहासिक दिग्गजों की प्रेम कहानी को उजागर करता है जो एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन सत्ता की महत्वाकांक्षा और प्यार पाने की इच्छा के बीच नियति उन्हें एक साथ लाती है। इस महान रचना में मायरा मिश्रा शामिल होंगी जो एक रहस्यमय चरित्र (विषकन्या) की कैमियो भूमिका में नजर आएंगी। वर्तमान कहानी में, सम्राट अशोक और देवी की शादी की तैयारियों के बीच, एक विषकन्या सम्राट अशोक को बहकाने और मारने का प्रयास करती है। उसके प्रयासों के बावजूद, सम्राट अशोक सतर्क रहता है और उसका सामना करता है, जिससे पता चलता है कि वह उसकी असली पहचान हमेशा से जानता था। यह जानने पर कि उसके अपने पिता ने ही उसकी हत्या की सुपारी दी थी, क्या वह भीतर से टूट जाएगा? कैमियो भूमिका निभाने के लिए उत्साहित मायरा मिश्रा कहती हैं, मैं ऐसे शो में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हूं जिसने अपने शानदार दृश्यों और सम्मोहक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं ऐतिहासिक रोमांस का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस करता हूं क्योंकि यह शैली लंबे समय से मेरी इच्छा सूची में रही है। यद्यपि विषकन्या के रूप में मेरी भूमिका संक्षिप्त है, लेकिन यह नाटकीय होने का वादा करती है और मैं दर्शकों को शो में मेरी प्रविष्टि से आने वाले उतार-चढ़ाव का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

# औरों में कहां दम था में फिर धमाल मचाएगी अजय-तब्बू की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और अभिनेत्री तब्बू की आने वाली फिल्म ‘औरों में कहां दम था’ जून में रिलीज हो सकती है। बॉलीवुड निर्देशक नीरज पांडे अपनी आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म औरों में कहां दम था अपने पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। फिल्म रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी है। नीरज पांडे ने कहा कि यह फिल्म जून में रिलीज होगी। हम फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा करने के लिए हम जल्द ही एक टीजर और ट्रेलर लाएंगे। फिल्म पहले 26 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म में अजय देवगन, तब्बू, जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर समेत कई कलाकार हैं।

# बदला लेने गए और फिर भागम-भाग, उलझन...



**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया की फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में वरुण शर्मा, सनी सिंह, मंजोत सिंह और जस्सी गिल की मुख्य भूमिका है। गुलशन कुमार और भूषण कुमार प्रस्तुत वाइल्ड वाइल्ड पंजाब को सिमरप्रीत सिंह ने निर्देशित किया है और लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। टीजर को शेयर करते हुए लिखा गया, चार बेस्ट फ्रेंड्स, एक ब्रेकअप और उनके लाइफ का सबसे बड़ा रोड ट्रिप, एडवेंचर तो इसी को कहते हैं।

## बॉक्स ऑफिस में न कमाल कर सकीं और ना ही कमाई

# फेल हुईं ये फिल्में, निर्माताओं को लगा करोड़ों का चूना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में हर साल न जाने कितनी फिल्में रिलीज होती हैं। कुछ फिल्में छोटे बजट की होकर धमाका कर जाती हैं तो कुछ भारी-भरकम बजट के बावजूद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। इस कड़ी में आमिर खान की फिल्म ‘लाल सिंह चड्ढा’ से लेकर शाहरुख खान की ‘जीरो’ तक कई नाम शुमार हैं। ये फिल्में ऐसी हैं, जिन्हें बनाने में निर्माताओं ने अच्छी-खासी रकम लगाई, लेकिन बदले में उन्हें करोड़ों रुपये का घाटा हो गया।



## ‘बॉम्बे वेलवेट’ और ‘काइट्स’

अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म ‘बॉम्बे वेलवेट’ का बॉक्स ऑफिस पर इतना बुरा हश्र होगा, किसी ने नहीं सोचा था। रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की इस फिल्म का बजट 118 करोड़ रुपये थे और फिल्म ने केवल 43 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े। उधर ऋतिक रोशन की ‘काइट्स’ भी बॉलीवुड की बुरी तरह फ्लॉप हुईं फिल्मों में शामिल है। 82 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह फिल्म महज 48 करोड़ रुपये कमा पाई थी।

## ‘लाल सिंह चड्ढा’ और ‘जीरो’



फिल्म ‘लाल सिंह चड्ढा’ से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म रिलीज हुई तो सबको जोर का झटका लगा। आमिर ने फिल्म बनाने में 180 करोड़ रुपये लगाए और फिल्म ने कमाए केवल 129 करोड़ रुपये। उधर ‘जीरो’ की असफलता से शाहरुख अभी तक नहीं उबर पाए हैं। वह कहते हैं कि वो इस फिल्म को याद ही नहीं करना चाहते। 200 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह फिल्म दुनियाभर में 191 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।



## ‘जोकर’ और ‘रंगून’

अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा की 2012 में रिलीज हुई फिल्म ‘जोकर’ का भी बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। 47 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने महज 35 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर शाहिद कपूर और कंगना रनौत की फिल्म ‘रंगून’ को भी सुपर फ्लॉप फिल्म का तमगा मिला। 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने महज 40 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, फिल्म को लेकर खूब शोर मचा था।

## ये फिल्में भी हैं फेल होने वाली लिस्ट में शामिल

हाल-फिलहाल में आई बड़े बजट की सुपर फ्लॉप फिल्मों की बात करें तो इस फेहरिस्त में ‘शमशेरा’ समेत ‘सम्राट पृथ्वीराज’, ‘सेल्फी’ और ‘गणपथ’ जैसी कई फिल्में शामिल हैं। ये सभी वो फिल्मे हैं, जिनकी कहानी बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन में ही खत्म हो गई।

## खबर संक्षेप



### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में 6 . 2, 6 . 2 से जीत दर्ज की। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14, 400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरूष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता लेकिन पुणे और दुबई में हार गए।

### मणिपुर संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में



**मईटानगर।** वांगखइमयुम सदानंद सिंह की हैट्रिक की मदद से पूर्व चैंपियन मणिपुर ने मंगलवार को यहां असम को 7-1 से करारी शिकस्त देकर संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सदानंद ने 11वें, 16वें और 70वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा मणिपुर की तरफ से कप्तान फिजाम सनाथोई मीतेई (चौथे), नगंगबम पाचा सिंह (19वें पेनल्टी), मैबाम डेनी सिंह (82वें) और इमर्सन मेइतेई (88वें) ने एक-एक गोल दागे। असम के लिए एकमात्र गोल जॉयदीप गोगोई ने 64वें मिनट में किया। मणिपुर की तरफ से इस मैच में पहला गोल करने वाले मीतेई वर्तमान टूर्नामेंट में 11 गोल कर चुके हैं और वह इस सूची में शीर्ष पर काबिज हैं।

### सिर में चोट लगने से पाक जूडो खिलाड़ी की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूंख्वा की एक युवा महिला जूडो खिलाड़ी की प्रतिस्पर्धा के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई। बीस वर्ष की फिजा शेर अली को मरदान में यूथ टैलेंट हंट के दौरान 44 किलोवर्ग के मुकाबले में सिर में चोट लगी थी।

भारत-इंग्लैंड के बीच 5वां व आखिरी टेस्ट मैच कल से, 3-1 से आगे हैं भारतीय टीम

# धर्मशाला में इतिहास रचेगी टीम इंडिया 112 साल पुराने रिकॉर्ड पर जमी नजरें

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से खेला जाएगा। धर्मशाला में 5वां टेस्ट जीतने के साथ ही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खास क्लब में शामिल हो सकती है। दरअसल, भारतीय टीम को पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद टीम इंडिया ने शानदार वापसी की और अगले 3 टेस्ट में विजय प्राप्त की। टीम इंडिया सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है।

**ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड की टीमें ही कर सकी हैं खास कारनामा**

बता दें कि 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले को गंवाने के बाद अब तक सिर्फ 2 ही टीमें ऐसी हैं जो शानदार वापसी करते हुए बचे हुए 4 मैच जीते हैं। इन 2 टीमों में ऑस्ट्रेलिया ने तीन बार व इंग्लैंड ने सिर्फ 1 बार यह कारनामा किया है। आखिरी बार 112 साल पहले इंग्लिश टीम ने ऐसा किया था।



**भारतीय टीम घोषित, जसप्रीत बुमराह की वापसी**

*इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज का 5वे और आखिरी टेस्ट के लिए घोषित टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। बता दें कि बुमराह को चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। तेज गेंदबाज आकाश दीप को टीम में बरकरार रखा है। वाशिंगटन सुंदर को टीम से रिलीज किया गया है।*

### इंग्लैंड ने 1912 में, कंगारुओं की जीत तीन बार

इंग्लैंड ने साल 1912 में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच हारने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए शेष 4 मैचों में जीत प्राप्त की थी। इसके अलावा कंगारू टीम ने साल 1897/98 में और 1901/02 में पहला टेस्ट गंवाने के बाद चारों मैच जीते थे। ऐसे में भारतीय टीम के पास 112 साल बाद पहला टेस्ट हारने के बाद सीरीज के बचे हुए 4 मैच जीतने का मौका है।

### सीरीज में शानदार नजर आई है टीम इंडिया

सीरीज में भारतीय टीम के प्रदर्शन की बात करें तो यह शानदार रहा है। हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट को मेहमान इंग्लिश टीम ने 28 रन से अपने नाम किया था। इसके बाद टीम इंडिया ने शानदार वापसी की और जीत की हैट्रिक लगा दी। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई।

### यहां भारत ने खेला है इकलौता टेस्ट, हराया था ऑस्ट्रेलिया को

धर्मशाला स्टेडियम लगभग 7 साल बाद किसी टेस्ट की मेजबानी के लिए तैयार है। इस मैदान पर इकलौता टेस्ट 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मैदान में भारत से डेब्यू करने वाले कुलदीप यादव ने पहली पारी में 4 विकेट लिए थे। राहुल ने पहली पारी में 60 तथा दूसरी पारी में नाबाद 51 रन बनाए थे। जडेजा ने पहली पारी में 63 तथा दूसरी पारी में 51 रन बनाए थे। गेंदबाजी में दोनों पारी में जडेजा ने 4 विकेट भी चटकाए थे।

## अंजलि ने ओजेकी को हराकर मुख्य ड्रॉ में किया प्रवेश

**नागपुर।** क्वालीफायर अंजलि राठी ने मंगलवार को यहां जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त मिचिका ओजेकी को 6-3, 6-2 से हराकर डब्ल्यू35 नागपुर टेनिस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। दूसरे क्वालीफाइंग राउंड में जीत से 18 वर्षीय खिलाड़ी को डब्ल्यूटीए रैंकिंग में तीन अंक के साथ डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पदार्पण का मौका मिला। अंजलि के सामने पहले दौर में विश्व रैंकिंग में 475 वें स्थान पर काबिज डायोन बैक की चुनौती होगी।

**कई खिताब हासिल हैं अंजलि को** : अंजलि ने इससे पहले



एआईटीए-सीएलटीए राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप में एकल खिताब जीता था और युगल में उपविजेता भी रही थी। वह 2019 में 14 वर्ष और उससे कम आयु के खिलाड़ियों के लिए द रोड टू विंबलडन, द ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब के प्रतिष्ठित जूनियर टूर्नामेंट की विजेता भी रह चुकी है।

**भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल - 4620024, म.प्र. (भारत)
PBX (0755) 2478250, 51, 53 Fax : (0755) 2450896
E-mail : bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
क्रमांक/1786/भोदुसं/प्रशा/24 दिनांक : 05.03.2024

**जाहिर सूचना**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह 2 उपसमूह 4 के अंतर्गत संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 के अंतर्गत जारी विज्ञापित पदों में से भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अनुसूचित जनजाति के रिक्त पदों पर म.प्र. की विशेष आदिम जनजाति बैगा, सहारिया/सहरिया तथा भारिया के अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 07.03.2024 को किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना चयनित अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट www.sanchibhopal.com एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।
साथ ही उक्त परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों, जो दिनांक 04.03.2024 को हुए दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहे हैं, के दस्तावेजों का भी मूल दस्तावेजों से सत्यापन दिनांक 07.03.2024 को किया जाना है।
अत: उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन में वेबासाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर आपके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटो युक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु दिनांक 07.03.2024 को प्रात: 11.00 बजे एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. में स्थित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल में उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
म.प्र. माध्यम/114146/2024 मुख्य कार्यपालन अधिकारी

ओलंपिक क्वालीफायर

## भारतीय मुक्केबाजों का खराब प्रदर्शन, लक्ष्य हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| बस्तो अर्सिज़ियो

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर यहां चल रहे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश कर रहे चाहर यहां ईरान के 2021 के एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता गेश्लाघी मेसम से हार गए। बता दें कि जो मुक्केबाज यहां ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर पाएंगे उन्हें बैंकॉक में 23 मई से तीन जून तक होने वाले दूसरे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पेरिस का टिकट कटाने का मौका मिलेगा।

**तीसरे राउंड के अंत में मिली पराजय :** पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज करके वापसी की लेकिन तीसरे राउंड में वह यह प्रदर्शन बरकरार नहीं रख पाए। मुकाबला खत्म होने में जब केवल 20 सेकंड का समय बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और भारतीय मुक्केबाज को नॉकआउट कर दिया।

**रिंग में उतरे भारत के चार मुक्केबाज हुए बाहर :** इस तरह से भारत के अभी तक जो चार मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

## सात्विक, चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। मलेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत है। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। साल 2022 की चैम्पियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी जिला कटनी ( म.प्र.)**
ई-मेल - apmckatni@gmail.com दूरभाष नं.-07622240063.
क्रमांक/मंडी/निर्माण/2023-24/2608 कटनी दिनांक 05/03/24

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म. प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2024_MPSAM_341428_1, एवं 2024_MPSAM_341471_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 27.03.2024 को शाम 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म. प्र. शासन के ई - निविदा के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी ।
नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति कटनी
जिला-कटनी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिवनी (म.प्र.)**
क्रमांक/7925/ज.प्र./न.पा.प/2024 सिवनी दिनांक-05/03/2024
/ /द्वितीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जलप्रदाय शाखा निम्न सामग्री की ऑनलाईन दरें (आईटम रेट) पर निविदा आमंत्रण की जाती है । अधिक जानकारी शर्तें एवं टेंडर डाक्यूमेंट ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। निविदाये टेण्डर की निर्धारित तिथि (की-डेट) के अनुसार खोली जावेगी।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | प्रास्तावित निर्माण का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2024_UAD_341609 | 500 एमएम डाया डीआई पाईप कॉलर एवं गैसकिट रबर रिंग प्रदाय 05 नग प्रत्येक की लंबाई 550 मी. | 15 दिवस 972900.00 | 2000.00 10000.00 | 22/03/2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सिवनी

**कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)**
फोन नं. -07690-240139 ईमेल- cmolakhnadoan@mpurban.gov.in

**निविदा सूचना**

online PERCENTANGE RATE TENDER bid for the following AMRUT 2.0 works are invited from registered contractors and firms fulfilling eligibility criteria.

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_340103_1 दिनांक 04/03/2024 NIT 523/PWD/NP/2024 | DEVELOPMENT OF GREEN SPACES AT REVANATH CHAURE PARK, LAKHNADON DIST: DEONI (M.P.) UNDER AMRUT 2.0 DCHEME | 06 माह, 19,59,000/- | 2,000/- 14,693/- | 08/04/2024 |
| 2024_UAD_340104_1 दिनांक 04/03/2024 NIT 524/PWD/NP/2024 | REJUVENATION WORK OF ROTA JHEEL NATURAL STREAM UNDER AMRUT 2.0 DCHEME | 06 माह, 42,69,000/- | 5,000/- 32,017/- | 08/04/2024 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी(म.प्र.)

टी-20 विश्व कप 2024

## एक मई तक करनी होगी टीम की घोषणा, 25 तक बदलाव





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट के लिहाज से यह साल काफी अहम होने वाला है। आगामी 2 जून से आईसीसी टी-20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा और इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इस बीच खबर आई है कि विश्व कप में शामिल होने वाले सभी देशों को 1 मई तक अपनी-अपनी टीमों की घोषणा करनी होगी। ऐसे में भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा भी उसी समय की जाएगी। भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 9 जून को खेला जाएगा।

### दो-दो अभ्यास मैच खेलने की सुविधा

इसी तरह सभी टीमों को विश्व कप की शुरुआत होने से पहले 2-2 अभ्यास मैच खेलने की सुविधा भी दी जाएगी। इससे उन्हें विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को परखने का आखिरी मौका मिल जाएगा।

### कैसा है विश्व का कार्यक्रम

विश्व कप का आगाज 2 जून से होगा। शुरुआती मैच में अमेरिका और कनाडा में होंगे, जबकि इसका खिताबी मुकाबला 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा। इसमें 5-5 टीमों के 4 ग्रुप होंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष-2 टीमें सुपर-8 में जाएगी। वहां 4-4 के 2 ग्रुप होंगे और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रुप चरण में भारत का मुकाबला पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका से होगा।

### 25 मई तक कर सकते हैं टीम में बदलाव

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप में शामिल सभी देशों को 1 मई तक अपने-अपने 15 सदस्यीय दल की घोषणा करनी होगी। हालांकि, वह 25 मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की सहमति से दल में बदलाव कर सकेंगे। विश्व कप का आगाज 2 जून से होगा। शुरुआती मैच में अमेरिका और कनाडा में होंगे, जबकि इसका खिताबी मुकाबला 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा।

**कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)**
फोन नं. -07690-240139 ईमेल- cmolakhnadoan@mpurban.gov.in
NIT: 519/E-Tender/Lakhnadon/2024 **निविदा सूचना** DATE :- 01.03.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_340100_1 दिनांक 02/03/2024 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत नरसिंहपुर मार्ग में हनुमान मंदिर के पास सोनटोरिया बंजारी मंदिर के पास तक मार्ग के दोनों ओर सी.सी. रोड बाइडिंग, डिवाईडर एवं बाक्स कल्वर्ट कार्य | 09 माह, 1,27,07,151/- | 12,500/- 63,600/- | 12/03/2024 |
| 2024_UAD_340101_1 दिनांक 02/03/2024 | कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत वार्ड क्र 01 04 एवं 03 (कुल 06 स्थानों पर ) सी.सी. रोड मजबूतीकरण कार्य | 02 माह, 42,39,053/- | 5,000/- 31,800/- | 12/03/2024 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी(म.प्र.)

**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

पूर्ण मूल्य आधार पर ऑफर से विक्रय

**छिन्दवाड़ा नगर की दीनदयाल पुरम कॉलोनी में रिक्त शाला भूखण्डों को खरीदने का सुनहरा अवसर**

ई-ऑफर दिनांक 26.03.2024 तक आमंत्रित

योजना की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | योजना का नाम | संपत्ति का विवरण | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | भूखण्ड का अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रुपये) | ऑफर पत्र का मूल्य (रुपये/जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डी.डी. पुरम कॉलोनी छिन्दवाड़ा | शाला भूखण्ड क्र. 01 | 938.50 | 39.36 | 787200.00 | 1770/- |
| 2 | डी.डी. पुरम कॉलोनी छिन्दवाड़ा | शाला भूखण्ड क्र. 02 | 1395.00 | 58.50 | 877500.00 | 1770/- |

**प्रक्रिया एवं शर्तें** : (1) ऑफर हेतु आवेदक को **www.mphousing.in** पर अथवा **www.mponline.gov.in** पर भी आवेदन पत्र रु. 1770/- जमा कर ऑनलाइन भरना होगा। (2) धरोहर राशि ऑनलाइन/आर.टी.जी.एस. से जमा करनी होगी। (3) धरोहर राशि के जमा होने के पश्चात् आवेदक को रजिस्टर्ड मोबाइल पर बिड आई.डी. प्राप्त होगी। जिसके माध्यम से आवेदक अपना ई-ऑफर जमा कर सकेगा। (4) ऑफर हेतु निर्धारित तिथियां निम्नानुसार हैं:- (अ) आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने हेतु **अंतिम तिथि 26.03.2024.** (ब) ऑफर राशि (बिड) डालने हेतु **अंतिम तिथि 27.03.2024 शाम 5:00 बजे।** (स) ऑफर खोलने की **तिथि 28.03.2024 शाम 5:00 बजे।** (5) मण्डल एवं शासन के नियम एवं शर्तें लागू। (6) अन्य सभी शर्तें मण्डल पोर्टल **www.mphousing.in/www.mponline.gov.in** पर उपलब्ध। (7) ऊपर दी गई भूखण्ड की माप में वास्तविक माप प्रमाण पत्र के आधार पर कोई परिवर्तन होता है तो प्रस्तावित दर/मूल्य अनुसार औसत मूल्य मान्य होगा। (8) भूखण्ड का विक्रय यथास्थिति में किया जा रहा है। अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा कर शेष राशि वापिस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (9) ऑनलाइन भुगतान में सहायता हेतु **Whatsapp MPHIDB-Helpdesk-79742-64023** उपलब्ध। (10) सम्पत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से सुविधा।

**संपर्क : आर.के. कौशले (संपदा अधिकारी, छिन्दवाड़ा) मो. 9406912299, वी.के. सोनकेशरिया (संपदा प्रबंधक, छिन्दवाड़ा) मो. 9993078103, टी.आर. टाण्डेकर ( वरि. सहायक, संभाग-छिन्दवाड़ा) मो. 9754335264**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in म.प्र. माध्यम/114128/2024

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग कटनी (म. प्र.)**
E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 20 / व.ले.लि. / 2023-24 / **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 01/03/2024

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं 01.01. 2024 समस्त संशोधन सहित (भवन) तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी ।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. कमांक | जिला | एस.ओ.आर. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में) | कार्य की अमानत राशि प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2024_PWDRB _339576_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | गौरहा से भटिया नयागांव पहुँच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 2.70 कि.मी. | प्रथम | 181.75 | 1.81750 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2024_PWDRB _339577_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | मटवारा से संसारपुर मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.20 कि.मी. | प्रथम | 226.25 | 2.26250 | 15000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2024_PWDRB _339578_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | मुख्य मार्ग रीठी से छोटा बरहटा मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.0 कि.मी. | प्रथम | 69.80 | 0.69800 | 10000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2024_PWDRB _339579_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | भिलाई मोड़ से कटायेघाट झुरही मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 2.0 कि.मी. | प्रथम | 159.81 | 1.59810 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2024_PWDRB _339580_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | जरवाही से बिछिया मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.20 कि.मी. | प्रथम | 218.05 | 2.18050 | 15000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2024_PWDRB _339582_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | करहिया से पठरा पूँछी मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 2.80 कि.मी. | प्रथम | 197.07 | 1.97070 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2024_PWDRB _339584_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | गैतरा से देवरी मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.20 कि.मी. | प्रथम | 113.47 | 1.13470 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2024_PWDRB _339585_1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | धनिया से हरद्वारा पहुँच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 2.40 कि.मी. | प्रथम | 152.59 | 1.52590 | 12500.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2024_PWDRB 339587 1 | कटनी | 25.03.22 | सड़क कार्य | खड़रा से देवालय मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.22 कि.मी. | प्रथम | 84.70 | 0.84700 | 10000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | | | | योग | | 1403.49 | | | |

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपए 1403.49 लाख (चौदह करोड़ तीन लाख उन्चास हजार मात्र)
उपरोक्त वेबसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र कयं करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 11.03.2024 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है । ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

G-25461/23

कार्यपालन यंत्री लोक
निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग कटनी




## राुदुविवि की लापरवाही पर छात्रों ने किया हंगामा

# प्रश्नपत्र गलत प्रिंट होने से परीक्षा स्थगित

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के विक्रम सारभाई परीक्षा केंद्र में मंगलवार को उस समय हंगामें की स्थिति मच गई जब परीक्षार्थियों को अचानक यह कहा गया कि आज की परीक्षा स्थिगित कर दी गई है। परीक्षार्थियों ने जब पूछा तो उनसे कहा गया कि प्रश्नपत्र गलत प्रिंट हो गया, इसलिए अब यह पेपर बाद में होगा जिसकी सूचना अलग से दी जाएगी। इतना सुनते ही सुबह 7 बजे से परीक्षा केंद्र में दूर दराज से आए परीक्षार्थियों ने हंगामा करना शुरु कर दिया। दरअसल मंगलवार को टाइम टेबिल के मुताबिक सुबह 8 बजे से एमएससी कम्प्यूटर साइंस का असेंबली लेंग्वेज का प्रश्नपत्र होना था जिसके लिए सुबह 7 बजे से ही दूर दराज के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। लेकिन परीक्षा केंद्र में सुबह 8 बजे जब परीक्षा प्रारंभ होने का समय शुरु हुआ तो प्रश्नपत्र नहीं बांटे गए और यह कहा गया कि आज का पेपर स्थिगित कर दिया गया। इस पर छात्रों ने हंगामा शुरु कर दिया। उसके बाद कुछ छात्र संगठन के प्रतिनिधि भी यहां आकर हंगामा करने लगे। बताया गया है कि मंडला, नरसिंहपुर जैसे जिलों से आए छात्रों ने बताया कि अचानक पेपर स्थगित होने का कारण पूछने पर पता चला कि आज जिस विषय का पेपर था वह गलत प्रिंट हो गया है। इसलिए अब परीक्षा का पेपर पुनः प्रिंट होने के बाद ही परीक्षा आयोजित होगी।



### 4 मार्च की दोपहर जारी हुआ था प्रवेश पत्र

*छात्रों का कहना था कि लिफाफे में प्रश्न पत्र सील करने के पहले उन्हें चेक करने का प्रावधान होता है। परीक्षा विभाग में इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार स्तर के अधिकारी को नियुक्त किया जाता है। लेकिन उसके बाद भी प्रश्न पत्र ठीक से प्रिंट होकर आए है या नहीं यह देखे बिना उसी सील कर दिया गया। यह रादुविवि प्रबंधन की लापरवाही है। इतना ही नहीं परीक्षा से चंद घटों पहले मतलब 4 मार्च की दोपहर 3.30 बजे बच्चों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे।*

### पांच माह पहले पेपर हो गए थे तैयार

*यहां उल्लेखनीय है पांच माह पहले जो पेपर तैयार कर लिया गया था। उसमें कोई त्रुटि है यह तक नहीं देखी गई। परीक्षा के ठीक पहले यह पता चला कि पेपर गलत प्रिंट हो गए है। जानकारों का कहना है कि पेपर प्रिंट होने के बाद उसे चेक किया जाता है कि वह ठीक प्रिंट हुए है कि नहीं। इस काम के लिए विशेष तौर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को तैनात किया जाता है। बात साफ है कि इस तरह की लापरवाही विश्वविद्यालय की शाख पर बट्टा लगा रही है।*

### लापरवाही का दूसरा मामला

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारियों की लापरवाही का यह अभी-अभी यह कुछ ही दिनों का दूसरा मामला है अभी हाल ही में माइग्रेशन फर्जीवाड़े का मामला सामने आया था। वहीं मंगलवार को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही का मामला सामने आया। दोनो ही मामलों में परीक्षा विभाग की लापरवाही सामने आई।

### डिप्टी रजिस्ट्रार को कुलपति ने किया तलब

एमएससी कम्प्यूटर साइंस की मंगलवार को प्रस्तावित परीक्षा स्थगित होने से छात्रों को हुई परेशानी की जानकारी जैसे ही कुलपति डॉ. राजेश वर्मा को लगी। उन्होने तत्काल परीक्षा विभाग के प्रभारी डिप्टी रजिस्ट्रार अभयकांत मिश्रा को तलब किया। कुलपति ने पूरे घटनाक्रम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चिहिंत कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


## 25.50 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

# आज से 11 हजार 986 परीक्षा केंद्रों पर होंगी 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में कक्षा 5वीं 8वीं के 25.50 लाख विद्यार्थियों की 6 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए प्रदेश में 11 हजार 986 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस बोर्ड पैटर्न परीक्षा में सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों और मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक धनराजू एस ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ये परीक्षा केन्द्र स्कूलों से कम से कम दूरी पर हों। साथ ही इन परीक्षा केन्द्रों पर स्कूलों की क्षमता अनुसार विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध रहें। संचालक ने बताया कि हालांकि सभी स्कूलों को प्रत्येक विद्यार्थी को इन परीक्षाओं में शामिल करवाने के निर्देश प्रदान किए हैं। इसके बाद भी कोई भी विद्यार्थी अगर किसी कारण से परीक्षा तिथि तक भी पंजीकृत नही हो पाया हो, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के लिए केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों के विवरण को परीक्षा के बाद पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।



### पोर्टल पर रहेगी पूरी जानकारी

परीक्षाओं के संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पृथक से एक आईटी पोर्टल तैयार किया है। इसके माध्यम से परीक्षा का पूर्ण संचालन और समस्त व्यवस्थाएं ऑनलाइन की गई हैं। इसी पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मेंपिंग, सामग्री वितरण आदि कार्यों के संपादन के साथ ही परीक्षार्थियों के रोल नम्बर और प्रवेश-पत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसी पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा के बाद होने वाले मूल्यांकन कार्यों और अंक-सूची प्रदान करने की सुविधा भी इसी पोर्टल के द्वारा प्रदान की जाऐगी।

### 6,621 छात्रों के लिए एनसीईआरटी अनुसार अलग से भाषा विषय के पेपर किए गए है तैयार

प्रदेश में इस वर्ष एक लाख 14 हजार 956 सरकारी, प्रायवेट स्कूल और मदरसों के लगभग 25 लाख 51 हजार 818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें से 203 निजी स्कूलों के 6,621 छात्रों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार पृथक से भाषा विषय के प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं।

## साइबर तहसील परियोजना लागू हो जाने से लोगों को मिलेगी राहत

# रजिस्ट्री होने के बाद बिना आवेदन बिना पेशी होगा नामान्तरण

**जबलपुर।** प्रदेश के सभी जिलों में साइबर तहसील परियोजना लागू हो जाने से अब रजिस्ट्री के बाद भूमि के नामान्तरण के लिये क्रेता और विक्रेता को न तो तहसील कार्यालय में जाकर आवेदन करने की जरूरत होगी और न हीं उन्हें पेशी पर उपस्थित होना पड़ेगा। विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) के निष्पादन के तुरंत रजिस्ट्रार कार्यालय से स्वचालित प्रक्रिया के माध्यम से नामान्तरण का प्रकरण दर्ज करने के लिये आरसीएमएस पोर्टल पर साइबर तहसील को भेज दिया जायेगा और आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में तहसीलदार द्वारा तय समय सीमा के भीतर नामान्तरण आदेश भी पारित कर दिया जायेगा। साइबर तहसील के तहत नामांतरण की संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी और पेपरलेस होगी। इस नवीन प्रणाली से क्षेत्राधिकार की सीमायें भी समाप्त हो जायेंगी। एसएमएस के माध्यम से नोटिस क्रेता-विक्रेता तथा ग्राम के सभी निवासियों को प्राप्त होगा। दावे और आपत्ति पक्षकारों द्वारा ऑनलाईन दर्ज किये जा सकेंगे। साइबर तहसील में पटवारी रिपोर्ट भी ऑनलाईन जमा करने की सुविधा दी गई है। आदेश एवं राजस्वऑ अभिलेखों में अमल की पूरी प्रक्रिया 15 कार्यदिवस में पूर्ण होंगी तथा आदेश पारित होते ही भू-अभिलेखों में स्वतः सुधार हो जायेगा। साइबर तहसील में ऐसे मामलों का निराकरण (नामांतरण) किया जायेगा, जिसमें संपूर्ण खसरा नंबर या संपूर्ण प्लॉट समाहित है और किसी भी खसरा या प्लाट का कोई विभाजन नहीं है। इस परियोजना के पूरे प्रदेश में लागू होने से अनावश्यक रूप से लंबित रहने वाले प्रकरणों का तकनीक की सहायता से गुणवत्तापपूर्ण एवं तीव्र निराकरण किया जाना सुनिश्चित होगा। प्रदेश के सभी जिलो में साइबर तहसील परियोजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश की अवधारणा को लेकर 29 फरवरी को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से 17 हजार करोड़ रुपये की विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ की गई थी। पन्द्रह दिन की समय सीमा के भीतर पेपरलेस, फेसलेस और ऑनलाइन पद्धति से नामान्तरण और भू-अभिलेख अद्यतन करने की परिकल्पना को लेकर प्रारम्भ की गई साइबर तहसील परियोजना की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक जून 2022 से सीहोर एवं दतिया जिले में की गई थी। शुरुआती सफलता के बाद इसे इंदौर, सागर, डिंडौरी, हरदा, ग्वालियर, आगर मालवा, श्योपुर, बैतूल, विदिशा और उमरिया जिले में भी पायलट प्रोजेक्ट के तौर लागू किया गया तथा इसी वर्ष एक से तीन जनवरी के बीच इसका प्रदेश के सभी जिलों में ट्रायल रन भी सफल रहा था।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 1 साल की कैद

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने स्कूल आते जाते समय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील शब्दावली करने के आरोपी को दोषी पाते हुए 1 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया साथ ही जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक हनुमानताल थाना क्षेत्र में 23 सितंबर 2016 को नाबालिग लड़की जब स्कूल से पढ़कर घर लौट रही थी तभी करिया पाथर स्कूल के सामने आरोपी शनि चौधरी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और अश्लील शब्दों को इस्तेमाल करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया, रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर धारा-354, 354क, 354घ, 294 एवं 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में पेश किया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री रानी जैन ने पैरवी की।






## ठण्ड और गर्मी के बीच चल रही उठा-पटक

# मौसम के दिन और रात बदल रहे मिजाज

**जबलपुर।** धीरे-धीरे गर्मी दस्तक देने लगी है। शनैः-शनैः पारा ऊपर चढ़ने लगा है। लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि 2-3 दिन बाद पारा फिर नीचे लुढ़केगा। बादलों की आमद के कारण पार उछाल ले रहा है। बादलों के छटते ही पारा एक बार फिर नीचे आने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से मौसम अभी पटरी पर नहीं आ पा रहा है। ठण्ड और गर्मी के बीच एक-दूसरे को पछाड़ने की जंग चल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी हवाओं की वजह से रात में ठण्ड का माहौल बन जाता है।

मौसम की इस अनिश्चितता का प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ा है। वायरल फीवर, सर्दी बुखार, हैजा डायरिया के मरीज तेजी से बढ़े हैं। मौसम विभाग का कहना है कि एक पखवाड़े तक अभी मौसम ऐसा ही चलेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 69 प्रतिशत और सायंकाल 36 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.26 बजे और सूर्यास्त शाम 6.16 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 6 डिग्री तापमान शाजापुर जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 32.0 और न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## तिलसानी के समीप 2 बाईकों में सीधी भिडंत

# सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की मौत, 1 गंभीर

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत तिलसानी पेट्रोलपंप के सामने दो बाईकों की आमने-सामने से भिड़ंत होने की घटना से दा युवको की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुंडम पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को पुंडम शासकीय अस्पताल पहुंचाया, और मृतकों का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



घटना के संबंध में पुंडम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल निवासी कृष्णपाल सिंह अपने दोस्त अशोक यादव के साथ मोटर साइकल क्रमांक एमपी 18 एमक्यू 2709 से कुण्डम जाने के लिए निकला था। वहीं दूसरी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनएक्स 0946 से कृष्णपाल व देवी सिंह मरावी पुंडम आ रहे थे। तिलसानी पेट्रोल पंप के सामने दोनों बाईको में भिडंत हो गई, वाहन की रफ्तार तेज थी वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कृष्णपाल व देवी सिंह के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौत हो गई. तीसरा युवक अशोक यादव उछलकर दूर जा गिरा, राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर युवक की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है. घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि यदि मोटर साइकल सवार युवक हैलमेट पहने होते तो दुर्घटना इतनी गंभीर नहीं होती. पुलिस ने धारा 279, 337, 304 ए के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240